
दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
महाशिवरात्रि

● नई दिल्ली। बुधवार 26 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 68 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...



● नई दिल्ली। बुधवार 26 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 68 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# गाजियाबाद में महाशिवरात्रि का महाजलाभिषेक शुरू

## दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर लगी भगवान भोलेनाथ के भक्तों की कतार

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली कमान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महाशिवरात्रि के महापर्व पर महाजलाभिषेक का कार्यक्रम मंगलवार की रात 12 बजे से शुरू हो गया है। जो बुधवार को देर रात तक जारी रहेगा। महाशिवरात्रि का जलाभिषेक करने के लिए मंगलवार की रात से ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के बाहर शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गई थी। रात 12 बजाते ही शिव भक्तों ने जलाभिषेक शुरू कर दिया। जिसके बाद पूरा दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय और भगवान भोलेनाथ के जयघोष से गूंज उठा। शिवरात्रि महापर्व पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यहां रात से ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संभालने के लिए डेरा डाल लिया था। तो वहीं पुलिस की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई गई है। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर रूट डायवर्जन करने के साथ ही कई स्थानों पर अस्थाई पार्किंग भी बनाई गई है। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया है कि मंगलवार को विशेष पूजा अर्चना के बाद भगवान दूधेश्वरनाथ का महाशिवरात्रि वाला जलाभिषेक शुरू हो गया, जो बुधवार की देर रात तक जारी रहेगा।



### आज हेलीकॉप्टर से हो सकती है शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का गाजियाबाद में विशेष महत्व है। महाशिवरात्रि के इस अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और प्रशासन की संयुक्त कोशिश है कि महाशिवरात्रि के पर्व पर दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर में मौजूद शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की जाए। बताया जा रहा है कि इसके लिए हेलीकॉप्टर की अनुमति ले ली गई है। वहीं संभावना है कि सब कुछ ठीक रहा तो बुधवार को भगवान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में मौजूद भक्तों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। बता दें कि यहां सावन की शिवरात्रि के अवसर पर भी प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कराई जाती है। तो महाशिरात्रि पर भी ऐसा ही होने जा रहा है।

### मंदिर मार्ग पर लगी शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतार

**करंट क्राइम :** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर भगवान भोलेनाथ का प्राचीन शिव मंदिर है। इसकी अलग आस्था और मान्यताएं हैं। महाशिवरात्रि के पर्व के चलते मंगलवार रात से ही यहां महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और परिवार के साथ पहुंचने वाले शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखी गई हैं।







### पुलिस आयुक्त से लेकर एसडीएम तक रहे मौजूद

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर देर रात से ही महाशिवरात्रि का जलाभिषेक शुरू हो गया था, इसलिए यहां पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य अधिकारी और नगर निगम से लेकर अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। खुद पुलिस कमिश्नर यहां की लाइव फीड से अपडेट लेते रहे थे। तो डीसीपी सिटी राजेश कुमार, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, थाना प्रभारी घंटाघर कोतवाली अनुराग सहित बड़ी संख्या में एसीपी, इंस्पेक्टर, महिला सबइंस्पेक्टर और महिला पुलिसकर्मियों को यहां ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा काउंटर बनाया गया है। तो रात्रि में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती की भी प्रशासनिक दृष्टि से ड्यूटी लगाई गइ थी।



### सीसीटीवी और रूफटॉप ड्यूटी भी लगाई गई हैं डीसीपी सिटी



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर महाशिवरात्रि के जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो और रुकावट ना आए, इसके लिए 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 50 से अधिक सीसीटीवी मॉनिटरिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। वहीं ड्रोन और रूफटॉप ड्यूटी लगाकर भी भीड़ और लोगों को नियंत्रित करने का काम किया गया है। वहीं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को मंदिर परिसर और आसपास के मार्ग पर लगाया गया है ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए।

---

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दिलाया निगम की दुकानों का ध्यान

# कहा, दुकानदार रख रहे हैं तीन विकल्प तो नगर निगम लें इनका भी संज्ञान







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की दुकानों के किराये का मामला अभी सुलझा नहीं है। नगर निगम की दुकानें हैं और ये मामला लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के पास पहुंचा। सर्व व्यापार मंडल ने अतुल गर्ग को अपना पत्र सौंपा और बताया कि नगर निगम की दुकानों के किरायेदार व्यापारियों ने तीन विकल्प रखे हैं। यदि उन पर निगम संज्ञान लें तो समस्या का समाधान हो सकता है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने व्यापारियों की बात सुनी और नगर आयुक्त को पत्र लिखा। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सर्व व्यापार मंडल के प्रार्थनापत्र का हवाला दिया और नगर आयुक्त से कहा कि वह इस प्रार्थनापत्र को अवलोकित कर संज्ञान लें। निगम दुकानों किरायेदारों ने तीन विकल्प रखें हैं और इन विकल्पों के साथ शासन द्वारा एक पत्र भी उल्लेखित किया है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने नगर आयुक्त से कहा कि उम्मीद है कि इन तीन विकल्पों में से किसी भी विकल्प पर व्यापारियों के साथ बैठकर कोई हल निकाल लिया जाए।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जो पत्र नगर आयुक्त को भेजा उन्होंने उसकी प्रतिलिपि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को भेजी। गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल को भेजी। उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री को भेजी और गाजियाबाद के जिलाधिकारी को भेजी।

### दुकानों की रजिस्ट्री-99 वर्ष की लीज या पुरानी देनदारी के साथ किराया

सर्व व्यापार मंडल ने नगर निगम की दुकानों के किरायेदार व्यापारियों द्वारा जो तीन विकल्प रखे गए हैं, उनमें पहला विकल्प दुकानों की रजिस्ट्री का है। किरायेदार व्यापारी चाहते हैं कि दुकानों की रजिस्ट्री कर दी जाए। उनका ये भी कहना है कि पहले भी 32 प्लॉटों की रजिस्ट्री हुई जिसका विवरण व्यापारी अपने पत्र में दे रहे हैं। वहीं दूसरे विकल्प में व्यापारी चाहते हैं कि जिस दिन से किराये नहीं बढ़े हैं और पांच पर्ष बाद 12.50 प्रतिशत बढ़ाकर पुरानी देनदारी के साथ ले लिया जाए। वहीं तीसरे विकल्प के रूप में 99 वर्ष की लीज का प्रस्ताव है। जिसमें कहा गया है कि दुकानदारों का आज का मूल्य लेकर जीडीए व यूपीएसआईडीसी की तरह 99 वर्ष की लीज कर दी जाए। फिलहाल लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने व्यापारियों की इस बात को अपने पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त तक पहुंचाया है।

**बैठक**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश सरकार में आईटी विभाग में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मंगलवार को विभाग से जुड़े अहम विषयों पर शासन से संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आईटी को प्रदेश के तमाम क्षेत्रों में मजबूत करना है। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें संबंधित अधिकारी मौजूर रहे।

---

## सज्जन कुमार को ताउम्र कारावास की सजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें एक नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था।

जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें 2,733 लोग मारे गए थे। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया था वहीं दूसरी तरफ 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए।

## विधान परिषद में एमएलसी दिनेश गोयल बोले, चाइनीज मांझे से जा रही है लोगों की जान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में नियम 110 के अंतर्गत चाइनीज मांझे का मुद्दा उठाया और इसे पूरी तरह प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए चर्चा की मांग उठाई। उन्होंने प्रमुख सचिव विधान परिषद को पत्र लिखा और कहा कि चाइनीज मांझे से बंधी पतंग की डोर लोगों की मौत का कारण बन रही है। चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध है, लेकिन उसके बावजूद ये बिक रहा है। चाइनीज मांझे को खरीदने और बेचने वालों पर पांच साल की सजा और एक लाख रुपए तक के जुमार्ने का भी प्रावधान है। पशु क्रूरता के तहत 50 हजार तक के जुमार्ने और पांच साल की सजा का प्रावधान है। इतना सब होने के बाद भी चाइनीज मांझे की बिक्री हो रही है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि अगर यह किसी की गर्दन में उलझ गया तो फिर यह गर्दन को काट ही देता है। बाइक या साइकिल सवार हो या पैदल चलने वाला हो चाइनीज मांझा सभी के लिये मुसीबत बना हुआ है। उन्होंने लोक महत्व के इस विषय पर चाइनीज मांझे की खरीद और बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने को लेकर विधान परिषद में चर्चा की मांग की है।

### कांशीराम आवास योजना के भ्रष्टाचार पर की सदन में चर्चा की मांग

एमएलसी दिनेश गोयल और एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कांशीराम योजना के जर्जर मकानों को लेकर विधान परिषद में चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि पहले की प्रदेश सरकारों द्वारा कांशीराम गरीब आवास योजना के अंतर्गत मकानों का निर्माण राजनीति के तहत कराया गया। उन्होंने कहा है कि इन आवासों के निर्माण में अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सही मुकाम तक नहीं पहुंच पाए। इस योजना के अंतर्गत आवासों में रख-रखाव के अभाव में लोग रहने को तैयार नहीं हैं। अरबों रूपए की ये योजना धूल-धूषित हो गई है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की सांठगांठ से अरबों रूपए का घपला हुआ था। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि आवासों में लगे शासकीय धन को संरक्षित करने के लिये इन आवासों को नीलाम कर दिया जाए। या फिर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराकर नए रूप में आवासों का निर्माण कराया जाए।

# पश्चिम यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग के साथ विधानसभा में गूंजी विधायक अजीत पाल त्यागी की आवाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधानसभा सत्र में मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी का विजन उनके संबोधन में साफ दिखाई दिया। वो एक सधे हुए वक्ता के रूप में बेहद शानदारी तरीके से उन चीजों को लेकर आए जो क्षेत्र की जरूरत है। बड़ी बात ये रही कि अपने संबोधन में उन्होंने विकास से लेकर क्षेत्र की सहूलियत को ध्यान में रखा। विधायक अजीतपाल त्यागी ने बजट और सफल महाकुंभ पर सरकार को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले सदन में हाईकोर्ट बेंच की मांग की। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग करते हुए पश्चिती उत्तर प्रदेश के अन्य विधायकों से भी अपेक्षा की कि वह इस मुद्दे पर साथ आएं। इसके बाद विधायक अजीतपाल त्यागी तीर्थ स्थलों की बात पर आए और अपने विधानसभा क्षेत्र के देहात इलाकों में पहुंचे। उन्होंने सुराना गांव में प्राचीन भूमेश्वर मंदिर का इतिहास बताया। उन्होंने बताया कि इस गांव में रक्षाबंधन का त्योहार क्यों नहीं मनता है और फिर विधायक अजीतपाल त्यागी ने ये मांग की कि जिस तरह से पुरा महादेव मंदिर और दूधेश्वरनाथ मंदिर को विकसित किया गया है उसी तरह सरकार इस मंदिर पर भी ध्यान दें और वैसे तो यहां के लिये बजट मिला है, लेकिन थोड़ा ज्यादा बजट होगा तो ये ठीक रहेगा। मंदिर के बाद विधायक अपनी विधानसभा क्षेत्र के पांच बागी गांव पर आए। उन्होंने कहा कि आजादी के समय अंग्रेजों ने यहां पांच गांव बागी घोषित किये थे।



आज देश आजाद हो चुका है और मैं ये मांग करता हूं कि इन गांव को बागी नहीं आजाद गांव का दर्जा दिया जाए। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी अपनी विधानसभा क्षेत्र में कानून, धर्म के बाद विकास के मुद्दे पर आए। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें और अधिक चौड़ी की जाए। यहां उन्होंने मुरादनगर बागपत रोड वाया सुराना को राजमार्ग घोषित करने की मांग की। दुहाई से पतला मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की। अपने संबोधन में उन्होंने सौंदा-रेवड़ी मार्ग, हम तुम रोड के चौड़ीकरण की मांग की। विधायक अजीतपाल त्यागी ने जीडीए द्वारा विकसित की जा रही नई टाउनशिप के लिये सरकार को धन्यावाद दिया और कहा इस बात का ध्यान रखा जाए जिस तरह वेव सिटी और मधुबन बापूधाम योजनाओं में यहां के किसानों को दिक्कत आई थी, वैसी समस्या इस टाउनशिप के किसानों को नहीं आनी चाहिए।

### जब विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- आपने साढ़े तीन मिनट में खत्म कर दी बात, आप बहुत अच्छे हो

मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी विधानसभा के सदन में जब बोले तो धारा प्रवाह में बोले। हाथ में कोई पर्चा लेकर नहीं बोले और यहां वो इस बात को साबित करने में सफल रहे कि उन्हें अपनी विधानसभा क्षेत्र के भूगोल से लेकर इतिहास की पीएचडी है। उन्हें मालूम है कि क्षेत्र की क्या जरूरत है। उनके संबोधन की सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो एक बार भी विषय से नहीं भटके, एक बार भी किसी बात को नहीं दोहराया और बेहद सधे हुए शब्दों में उन्होंने अपनी बात कही। जब उनका संबोधन समाप्त हुआ तो विधानसभा अध्यक्ष ने भी उनकी तारीफ की। संबोधन समाप्त होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आपने साढ़े तीन मिनट में अपनी बात पूरी खत्म कर दी। आप बहुत अच्छे हो। ये कॉप्लीमेंट उस विधायक के लिये है जो मंचों पर बेहद सधे और नपे तुले अंदाज में अपनी बात कहते हैं और जब सदन में ये मौका मिला तो यहां भी उन्होंने अपनी इस विलक्षण प्रतिभा का परिचय कराया। साढ़े तीन मिनट में पूरी बात समाप्त कर दी।

# महाशिवरात्रि पर सुख-समृद्धि और सफलता का महायोग

## संगम में आखिरी डुबकी का मिलेगा सभी श्रद्धालुओं को विशेष फल

**महाकुंभ।** महाशिवरात्रि पर इस बार ग्रहों के मिलन से सुख-समृद्धि और सफलता का महायोग बन रहा है। धनिष्ठा नक्षत्र और परिघ योग में महाशिवरात्रि की आराधना हर तरह की कामनाओं को पूरी करने वाली होगी। मकर राशि पर शीतलता के प्रतीक चंद्रमा के विराजमान होने से भय और चिंता हरण के भी योग बनेंगे।

ऐसे में शिवरात्रि पर संगम में पुण्य की आखिरी डुबकी विशेष फलदायी होगी। पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 26 फरवरी की सुबह 11:08 बजे होगी। यह तिथि 27 फरवरी की सुबह 8:54 बजे तक रहेगी।

### महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा-आरती का विशेष महत्व

ऐसे में थोड़े से उपायों से भी तीनों लोक के स्वामी भगवान शिव को भक्त प्रसन्न कर सकते हैं। महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा-आरती का विशेष महत्व है। प्रत्येक प्रहर में भगवान शिव की विशेष उपासना होगी। ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र के अनुसार अपनी श्रद्धा के अनुसार भगवान शिव की पूजा-आरती करनी चाहिए।

### 'महाशिवरात्रि इस बार धनिष्ठा नक्षत्र और परिघ योग में'

चार प्रहर की आराधना से धन, यश, प्रतिष्ठा और समृद्धि की प्राप्ति के योग हैं। जिनके जीवन में संतान संबंधी बाधा हो, उन्हें भी यह शिव आराधना अवश्य करनी चाहिए। वह बताते हैं कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की महाशिवरात्रि इस बार धनिष्ठा नक्षत्र और परिघ योग में आ रही है। शकुनी करण के साथ मकर राशि पर चंद्रमा गोचर करते रहेंगे है। इस दिन चार प्रहर की आराधना से शिव की विशेष कृपा प्राप्त होगी।



**भय और चिंता से मुक्ति के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जप :** ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र बताते हैं कि महाशिवरात्रि पर शिव पूजा करते समय में अपनी मनोकामना के अनुसार मंत्र जप करना चाहिए। इस मंत्र के जप से अनजाना भय और चिंता दूर होती है। महामृत्युंजय मंत्र की वजह से शिव जी की विशेष कृपा मिलती है, जिससे जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

### चार प्रहर की पूजा -आरती का मुहूर्त

**प्रथम प्रहर:** शाम 06:19 बजे से रात्रि 09:26 बजे तक

**द्वितीय प्रहर :** रात 09:26 बजे से मध्यरात्रि 12:34 बजे तक

**तृतीय प्रहर:** मध्यरात्रि 12:34 बजे से 27 फरवरी , प्रातः 03:41 बजे तक

**चतुर्थ प्रहर:** 27 फरवरी सुबह 03:41 बजे से प्रातः 06:48 बजे तक

**मनकामेश्वर में रात भर होगा अभिषेक, चार प्रहर की आरती :** महाशिवरात्रि पर तीनों लोक के स्वामी महादेव के दरबारों को सजाने का सिलसिला आरंभ हो गया है। शिव मंदिरों में मन मोहन झांकियां सजाई जा रही हैं। सरस्वती घाट स्थित मनकामेश्वर महादेव का रजत श्रृंगार किया जाएगा। कामनापूर्ति के इस महातीर्थ को भांति-भांति के फूलों से सजाया जा रहा है। महाशिवरात्रि की रात चार प्रहर अभिषेक और आरती होगी। मंदिर में दो पुरुषों और दो महिलाओं की चार कतारें लगेंगी।

सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग कर दी गई है। मनकामेश्वर मंदिर में शिव भक्तों के दर्शन पूजन की सुगम व्यवस्था के लिए अफसरों ने होमवर्क कर लिया है। बैरहना से सरस्वती घाट जाने वाले रास्ते पर चार लेन में बैरिकेडिंग की गई है। अफसरों ने मंदिर के प्रधान पुजारी श्रीधरानंद ब्रह्मचारी के साथ सुरक्षा इंतजामों पर मंथन किया।

### सोमेश्वर-तक्षकेश्वर से पंडिला महादेव तक तांता

श्रीधरानंद के मुताबिक महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी की भोर में चार बजे श्रृंगार आरती के बाद मंदिर के पट खुलेंगे। 4:30 बजे से आम भक्तों का प्रवेश आरंभ होगा। दिन के 11:45 बजे भोग आरती होगी। इसके बाद 12:05 बजे फिर मंदिर खोला जाएगा। रात 10 बजे श्रृंगार आरती होगी। इस दौरान रजत आभूषणों और फूलों से श्रृंगार झांकी सजाई जाएगी। रात 11 बजे से पूरी रात चार प्रहर अभिषेक और आरती की जाएगी।

**महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में सजेंगी झांकियां :** इसी तरह सोमेश्वर महादेव में भी मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और झालरों से सजाया जा रहा है। वहां भी भोर में चार बजे मंगला आरती के साथ पट खुल जाएंगे।

---

# 1984 सिख दंगे से जुड़े मामले में सज्जन कुमार को हुई आजीवन कारावास की सजा

**नई दिल्ली।** सिख विरोधी दंगे (1984) से जुड़े दिल्ली के सरस्वती विहार हिंसा मामले में दोषी कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। दिल्ली पुलिस और पीड़ितों ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की कैटेगरी में मानते हुए सज्जन कुमार के खिलाफ फांसी की सजा मांगी थी।पुलिस ने कोर्ट में दाखिल लिखित दलीलों में कहा था कि यह मामला निर्भया केस भी कहीं ज्यादा संगीन है। निर्भया केस में एक महिला को टारगेट किया गया था, लेकिन यहां पर एक समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट किया गया।





**1984 में सिखों का कत्लेआम मानवता के खिलाफ :** अपराध दिल्ली पुलिस की तरफ से दलील में यह भी कहा गया कि 1984 में सिखों का कत्लेआम मानवता के खिलाफ अपराध है। एक समुदाय विशेष को इस हिंसा के दौरान टारगेट किया गया। इस दंगों ने समाज की चेतना को झकझोर कर रख दिया था।

**सज्जन कुमार को दूसरी बार सुनाई गई है उम्रकैद की सजा :** बता दें कि इस मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने ही हाल ही में सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। बता दें कि सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा दूसरी बार सुनाई गई है। वह पहले से ही दिल्ली कैंट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

**दंगों में निर्मम तरीके से की गई थी बाप-बेटे की हत्या :** बता दें कि 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिखों जसवंत सिंह और उनके बेटे तरूणदीप सिंह की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी।

**हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी एफआईआर :** इस घटना से संबंधित एफआईआर उत्तरी दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में दर्ज की गई थी। शिकायत रंगनाथ मिश्रा आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी।

---

# महाशिवरात्रि पर शटल बसों में 28 फरवरी तक हो सकेगा मुफ्त सफर, 2000 बसें चलाने की तैयारी

**प्रयागराज।** महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के मौके पर यूपी रोडवेज और नगरीय परिवहन सेवा के तहत चल रहीं शटल बसों में 28 फरवरी तक यात्री फ्री सफर कर सकेंगे। बसों का संचालन निर्धारित रूटों पर ही होगा।







शटल बसों में फ्री सफर की सौगात मंगलवार 25 फरवरी से 28 फरवरी की रात 12 बजे तक ही रहेगी। इस दौरान प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड में पत्थर गिरजा, सूबेदारगंज स्टेशन के सुलेमसराय साइड, प्रयाग स्टेशन के निकट 25-25 शटल बसें रिजर्व में रखी जाएंगी। यूपी रोडवेज प्रयागराज रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि दिल्ली, अलीगढ़, कानपुर, झांसी, आगरा, फतेहपुर, कौशाम्बी रूट से आने वाले श्रद्धालुओं को नेहरू पार्क के पास बनाए गए अस्थायी बस स्टेशन से शटल बसें मिलेंगी।

इसी तरह बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, बरेली, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ की ओर से यात्रा कर प्रयागराज आ रहे श्रद्धालुओं को बेला कछार में बनाए गए अस्थायी बस स्टेशन से शटल बसें मिलेंगी। वाराणसी, जौनपुर, गोरखपुर रूट वाले यात्रियों को अंदावा के पहले एवं मिजार्पुर, विंध्याचल, रीवा, बांदा, चित्रकूट से आने वाले श्रद्धालुओं को शटल बसें लेप्रोसी चौराहे से मिलेगी।

महाशिवरात्रि पर यूपी रोडवेज द्वारा 2000 बसों से श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक छोड़ने की तैयारी की है। इसके अलावा 1200 बसें रिजर्व भी रहेंगी। संचालन अस्थायी बस स्टेशनों से होगा। यात्रियों की संख्या ज्यादा होती है तो उस रूट पर बसें बढ़ाई जाएंगी। बताया जा रहा है कि अगले तीन दिन पूर्वांचल के तमाम शहरों के लिए यहां से ज्यादा संख्या में बसें चलाई जा सकती हैं। अफसरों का दावा है कि चार अस्थायी बस स्टेशन से श्रद्धालुओं को प्रत्येक 15 मिनट पर उनके गंतव्य के लिए रोडवेज बसें उपलब्ध होंगी।

### इन स्थानों से मिलेंगी रोडवेज की बसें

अस्थायी बस स्टेशन का नाम : बसों के मार्ग का विवरण

झूंसी बस स्टेशन- गोरखपुर, देवरिया, दोहरीघाट, बड़हलगंज, आजमगढ़, मऊ, बलिया व संबंधित मार्ग।

सरस्वती गेट बस स्टेशन- वाराणसी, गोपीगंज, बदलापुर, टांडा, पदमपुर, कमारियाघाट व संबंधित मार्ग।

नेहरू पार्क बस स्टेशन- दिल्ली, फतेहपुर, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, जयपुर, कौशाम्बी व संबंधित मार्ग।

बेला कछार बस स्टेशन- ऊंचाहार, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, अयोध्या, बस्ती, सुल्तानपुर, गोंडा, बहराइच व संबंधित मार्ग।

---

# पटना: बीजेपी चीफ जेपी नड्डा ने बिहार सीएम नीतीश कुमार से की मुलाकात

पटनाः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अभी पटना में हैं. यहां वह बीजेपी के कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक में हिस्सा लेने वाले हैं। इस बैठक में बिहार बीजेपी के बड़े नेता शामिल होंगे। बता दें कि बिहार में इसी साल चुनाव होने हैं। ऐसे में जेपी नड्डा प्रदेश बीजेपी के नेताओं के साथ चुनावी रणनीतियों को लेकर चर्चा करेगे। इस दौरान वह नेताओं को चुनावी टिप्स भी देंगे और उनसे फीडबैक भी लेंगे। बीजेपी की कोर ग्रुप की बैठक में नेताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। अभी तक विनोद तावड़े, गिरिराज सिंह, राधामोहन सिंह और नित्यानंद राय इस बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं।



बता दें कि इस कार्यक्रम से पहले जेपी नड्डा ने स्टेट गेस्ट हाउस में बिहार के सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार से एनडीए को एकजुट रखने पर चर्चा की। जद (यू) अध्यक्ष सीधे राज्य अतिथि गृह पहुंचे जहां भाजपा अध्यक्ष बिहार की राजधानी पटना पहुंचने के बाद ठहरे हुए हैं।

दोनों नेताओं ने राजनीतिक मामलों पर कुछ देर चर्चा की। वहीं इस मुलाकात के दौरान सीएम नीतीश कुमार के साथ बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के साथ-साथ मंत्री मंगल पांडेय और विजय चौधरी भी मौजूद थे।

---

# प्रयागराज जंक्शन पर बढ़ी भीड़, देर शाम इमरजेंसी प्लान लागू, रात आठ बजे तक चलाईं गईं 265 ट्रेनें

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के दो दिन पूर्व उमड़ी भीड़ से प्रयागराज जंक्शन पर सोमवार देर शाम से इमरजेंसी प्लान लागू कर दिया गया। इस दौरान जानसेनगंज से प्रयागराज जंक्शन जाने वाला रास्ता पुलिस ने बंद कर दिया। मेला क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु जानसेनगंज से चौक, कोतवाली, नखास कोहना, खुल्दाबाद के रास्ते खुसरोबाग डायवर्ट कर दिए गए। खुसरोबाग से ही यात्रियों को जंक्शन की ओर भेजा गया। इस वजह से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हुई।

इस बीच रेलवे द्वारा रात आठ बजे तक 265 नियमित और रेगुलर ट्रेनों का संचालन किया गया। महाशिवरात्रि को लेकर पहले से ही अधिक भीड़ की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले सोमवार को प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी, झूंसी, प्रयाग स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। शाम होते-होते प्रयागराज जंक्शन यात्रियों से ठसाठस हो गया। इसके बाद रेलवे अफसरों ने इसका अलर्ट जारी किया और शाम छह बजे से ही इमरजेंसी प्लान लागू कर दिया।





**पानी की टंकी से आने वाले यात्रियों को भेजा गया खुसरोबाग :** इस बीच खुसरोबाग यात्रियों के लिए खोला गया। सिविल लाइंस, पानी की टंकी से आने वाले यात्री खुसरोबाग के अंदर भेजे जाने लगे। इसे लेकर यात्रियों की पुलिस कर्मियों से खूब बहस भी हुई। बिहार के सासाराम निवासी मनीष कुमार सोनू ने कहा कि स्टेशन पास में ही है तो खुसरोबाग के अंदर क्यों भेजा जा रहा है। इसी तरह इटावा के बीडी पांडेय ने भी पुलिस के समक्ष नाराजगी जताई।

उधर, जानसेनगंज चौराहे पर भी जाम की वजह से पुलिस ने लीडर रोड होकर जंक्शन जाने वाला रास्ता बंद कर दिया। यहां भी लोगों की पुलिस से खूब बहस हुई। बताया गया कि जंक्शन पर भीड़ काफी हो गई है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ही डायवर्जन लागू किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि भीड़ की वजह से ही इमरजेंसी प्लान लागू किया गया।

**चलाई जा रहीं ऑन डिमांड ट्रेनें :** साथ ही ऑन डिमांड ट्रेनें शहर के सभी स्टेशनों से चलाई जा रही हैं। सोमवार की रात आठ बजे तक कुल 265 ट्रेनों में 140 विशेष ट्रेनें चलीं। इस दौरान 68 का संचालन प्रयागराज जंक्शन से हुआ। छिवकी से 20, नैनी से 16, सूबेदारगंज से 02 स्पेशल ट्रेनें चलीं। इसी तरह झूंसी से 18, प्रयाग से 09, रामबाग से 04 एवं फाफामऊ से 03 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं।

---

## आप पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह को कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने विधायक को राहत देते हुए 25,000 रुपये के बांड और इतनी ही राशि पर अग्रिम जमानत दे दी। बता दें कि खान पर जामिया नगर में दिल्ली पुलिस की टीम पर हमले का आरोप है।



### ये है था मामला

दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी की घटना के संबंध में ओखला विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और आरोप लगाया था कि उन्होंने हत्या के प्रयास के एक मामले में घोषित अपराधी को हिरासत से भागने में मदद करते हुए भीड़ का नेतृत्व किया।

---

# यूपी विधान परिषद की कार्यवाही 28 फरवरी तक के लिए स्थगित, सीएम योगी ने दिए सवालों के जवाब

**लखनऊ।** यूपी विधान मंडल का बजट सत्र जारी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में विपक्ष के सवालों के जवाब दिए और राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा सदस्यों के व्यवहार पर विपक्ष को जमकर खरी - खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि एक परंपरा चल पड़ी है कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करो। सपा के लोगों का आचरण किसी तरह से लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता है।

उन्होंने विपक्ष पर महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वहां इतनी अव्यवस्था होती तो क्या 60 करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में स्नान करने के लिए आते। दुनिया भर के लोग सनातन के आयोजन में हिस्सा लेने आ रहे हैं और सपा को लोग इसे लेकर भ्रम फैला रहे हैं।



मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद विधान परिषद की कार्यवाही 28 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच कार्य मंत्रण समिति की बैठक होगी।

इससे पहले नियम 105 के तहत विधान परिषद सदस्य ध्रुव त्रिपाठी ने शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने पर विचार करने का मुद्दा उठाया।

काफी बहस के बाद भी 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने पर निर्णय नहीं हो सका। उन्होंने नियमित अंशदान न काटने की भी बात कही।

### सीएम योगी बोले- यूपी में 10 करोड़ लोगों को दिया जा रहा आयुष्मान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का जवाब देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। सीएम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के किसी भी गरीब के लिए उपचार कराना कठिन नहीं रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, सरकारी कर्मचारियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलैस स्वास्थ्य योजना के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य की सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले आठ वर्षों में हर जरूरतमंद को इलाज के लिए बिना किसी भेदभाव के धनराशि उपलब्ध करायी गयी है। मेडिकल कॉलेज में अच्छी फैकल्टी और सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाने की दिशा में हो रहा तेजी से काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में केवल पार्टी से जुड़े लोगों को ही इलाज के लिए पैसा दिया जाता था।

---

# आरक्षित टिकट वाले ही कर सकेंगे नई दिल्ली स्टेशन में प्रवेश, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लान

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से सबक लेते हुए रेलवे की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में होने वाले स्नान को देखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, केवल आरक्षित टिकट वाले यात्री ही सीधे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अंदर जा सकेंगे। जिन यात्रियों के पास आरक्षित टिकट नहीं होगा, उन्हें पहले होल्डिंग एरिया में इंतजार करना होगा और उसके बाद ही वे स्टेशन तक जा सकेंगे। 15 फरवरी की रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।



वैष्णव के मुताबिक, स्टेशन पर यात्रियों की भारी संख्या के मद्देनजर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। महाशिवरात्रि पर यात्रा करने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए यात्रियों के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। अगर यात्री के पास आरक्षित टिकट है तो वह सीधे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अंदर सकेगा। बिना टिकट वाले यात्रियों को पहले होल्डिंग में भेजा जाएगा, जहां से वह टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि 23 फरवरी को उत्तर रेलवे ने महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष कदम उठाए और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुचारू यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित की। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा कि टिकट बिक्री की लाइव निगरानी के लिए एक नई पद्धति का इस्तेमाल किया गया। टिकटों की बिक्री पर नजर रखी जाएगी।

कार्यालयः कविनगर जोन, नगर निगम गाजियाबाद
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या A-170 मोहल्ला गोविन्दपुरम गाजियाबाद, नगर निगम सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज नाम श्रीमति कुमुद गुप्ता के स्थान पर श्री अखिलेश कुमार गुप्ता का नाम दर्ज किये हेतु जाने मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर उक्त भवन पर दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन पर नाम परिवर्तन में आपत्ति हो तो वह कविनगर जोन कार्यालय, नगर निगम गाजियाबाद में प्रमाणित साक्ष्यों सहित 30 दिवस के अन्दर अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें।
कर अधीक्षक
कविनगर जोन
नगर निगम गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। बुधवार 26 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# शहर की सबसे पुरानी रामलीला में चुनावी महाभारत का हो गया सीन

## एक पक्ष ने मांगे बजरिया में वोट और दूसरे पक्ष ने कहा- हम कराएंगे रिपोर्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। 28 फरवरी को चुनाव होना है। यहां से दो पैनल ने नामांकन दाखिल किये हैं। इनमें एक पैनल से अध्यक्ष पद के लिये अजय बंसल, महामंत्री पद के लिये मुनींद्र आर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये विनय सिंघल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिये संदीप मित्तल, मंत्री पद के लिये प्रदीप मित्तल और लेखा परीक्षक पद के लिये सुमित गर्ग मैदान में हैं। चुनाव संयोजक मिथिलेश कुमार गुप्ता हैं। वहीं दूसरे पैनल से सुभाष गुप्ता लोहे वाले अध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं। यहां महामंत्री पद के लिये नरेश गर्ग, कोषाध्यक्ष पद के लिये सुधीर गोयल मोनू मैदान में हैं। इसी पैनल से संजीव मित्तल साजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं और अनिल चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं। दिनेश शर्मा बब्बे मंत्री पद के लिये मैदान में हैं और रविन्द्र मित्तल लेखा परीक्षक पद के लिये चुनाव लड़ रहे हैं।

ये चुनाव एक रोचक चुनाव माना जाता है। इसमें भले ही वोटरों की संख्या कम हैं लेकिन ये सभी वोटर क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग हैं। इनमें प्रतिष्ठित कारोबारी हैं। शहर के पुराने लोग हैं और ये चुनाव शहर की एक परंपरा का हिस्सा है। मंगलवार को सुभाष गुप्ता पैनल ने चुनाव प्रचार किया। कोषाध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़ रहे सुधीर गोयल मोनू, महामंत्री पद के लिये चुनाव लड़ रहे नरेश गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये संजीव मित्तल साजू, मंत्री पद के लिये दिनेश शर्मा बब्बे और कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनिल कुमार बजरिया क्षेत्र में पहुंचे। जहां इन सभी ने समिति के मतदाता सदस्यों से संपर्क किया और वोट मांगे। सुधीर गोयल मोनू ने अपनी जीत का दावा किया और कहा कि हम शहर की सबसे पुरानी धार्मिक परंपरा को उसके मूल स्वरूप में जीवित रखने का प्रयास करते हैं। हम शहर की सांस्कृतिक-धार्मिक संस्कृति की रक्षा के लिये चुनाव मैदान में हैं। वहीं रामलीला की कहानी में दूसरा मोड़ होर्डिंग प्रकरण से आ गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़ रहे विनय सिंघल ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने उनका होर्डिंग जबरन उतार दिया है।

उन्होंने इस मामले में रामलीला के निवर्तमान कार्यवाहक महामंत्री और मंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे दिनेश शर्मा बब्बे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जबरन उनके प्रचार के होर्डिंग उतारे जा रहे हैं। वह इस मामले में शिकायत दर्ज कराएंगे। यह ठीक नहीं है।



### वो जहां चाहे वहां करा लें इस मामले की जांचः दिनेश शर्मा बब्बे



**करंट क्राइम।** होर्डिंग को लेकर जब बात की गई तो दिनेश शर्मा बब्बे ने कहा कि वीडियो में सबकुछ स्पष्ट है। जो लोग होर्डिंग उतार रहे हैं उनको पहचान लिया जाए। उन्होंने कहा कि जो आरोप लगा रहे हैं वो होर्डिंग उतारने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। दिनेश शर्मा ने कहा कि हम शहर के प्रतिष्ठित लोग हैं और इस तरीके की गतिविधियों में कभी लिप्त नहीं होते। आरोप सरासर झूठे हैं। जो आरोप लगा रहे हैं वो जहां चाहे वहां जांच करा सकते हैं।

### हमारे होर्डिंग उतारे गए और दी गई गाड़ी सीज करने की धमकी



**करंट क्राइम।** वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़ रहे विनय सिंघल ने ये आरोप लगाया कि उनके पैनल ने होर्डिंग लगाया था और यह होर्डिंग उतार दिया गया। इसके अलावा जो अन्य होर्डिंग लगने थे उस गाड़ी को भी सीज करने की धमकी दी गई। विनय सिंघल ने कहा कि वो इस मामले में शिकायत दर्ज कराएंगे।

### अगर रहना है यही पैनल तो फिर किस बात का हैं ये चुनावी चैनल

**करंट क्राइम।** पुरानी रामलीला कमेटी का चुनाव हो रहा है। इस चुनाव का महत्व इसलिए भी है कि जिस रामलीला कमेटी का ये चुनाव है उस रामलीला कमेटी के पास वर्ष भर करोड़ों रूपए की आमदनी होती है। झूलों से लेकर पार्किंग और तिब्बत बाजार से लेकर शादी विवाह तक यहां महंगे दामों पर बुक होते हैं। करोड़ों रुपए का फंड आता है। अब सवाल ये उठ रहा है कि अगर उन्हीं चेहरों को घूम फिरकर यहां किसी भी तरह से कमेटी में जमे रहना है तो फिर चुनावी चैनल का मतलब किया है। इस कड़ी में निशाने पर कोषाध्यक्ष पद पर कई बार रिपीट हो चुके अनिल चौधरी हैं। वो इस बार कमेटी में रहने के लिये कनिष्ठ उपाध्यक्ष तक बनने को तैयार हैं। दिनेश शर्मा बब्बे मंत्री पद के लिये फिर से मैदान में हैं। संजीव मित्तल साजू वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं। अगर यहां नए चेहरों की बात करें तो सुभाष गुप्ता लोहे वाले, नरेश गर्ग मंडी वाले और सुधीर गोयल मोनू मैदान में हैं। बदलाव के लिहाज से ये तीनों ही पद महत्वपूर्ण हैं। वहीं दूसरी तफर ये भी कहा जा रहा है कि बदलाव करना है या क्या करना है यह मतदाताओं की मर्जी है और रामलीला कमेटी के मतदाता जिसे आदेश करेंगे वही कमेटी की कमान संभालेगा।

### निगम की टीम ने हटाया था रामलीला चुनाव प्रचार का बैनर


**करंट क्राइम।** जिस बैनर को लेकर एक पक्ष एफआईआर की बात कह रहा है। दूसरा पक्ष जांच के लिये तैयार है, उस बैनर की कहानी में नगर निगम का सुपरवाईजर है। सूत्र बताते हैं कि यह बैनर नगर निगम की टीम ने हटवाया था। उसका कारण ये बताया जाता है कि यह बैनर यहां चौक पर लगी दुर्गा भाभी की मूर्ति के चेहरे को ढक रहा था। जिसके बाद निगम की टीमों ने इसे मौके पर पहुंचकर हटाया दिया। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं है।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लाउडस्पीकर की तेज आवाज का उठाया मुद्दा

## डीसीपी ग्रामीण को लिखा कार्रवाई के लिए पत्र

## लोनी विधायक ने कहा नहीं हुई कार्रवाई तो करूंगा आंदोलन

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस आयुक्त ग्रामीण जोन गाजियाबाद को पत्र लिखा है और मांग की है की मस्जिदों से लाउडस्पीकर की तीव्र आवाज पर कठोरता कार्रवाई की जाए। इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और विद्यार्थी एकाग्रता के साथ पढ़ाई कर रहे हैं, ऐसे में उनको परेशानी हो रही है। लोनी विधायक ने कहा है की पूरी लोनी में लाउडस्पीकर से उत्पन्न होने वाले उच्च ध्वनि स्तर के कारण पढ़ाई करना कठिनाई पूर्ण है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में कई वृद्ध और बीमार लोग भी निवास करते हैं, जिससे अधिक शोर उनके स्वास्थ्य को परेशानी देता है। इसके साथ ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शासन द्वारा समय-समय पर ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के निर्देश जारी किए गए हैं, उसकी भी अवहेलना बताया है।




### लोनी विधायक बोले 24 घंटे में पुलिस करें कार्रवाई वरना करूंगा आंदोलन



**करंट क्राइम :** लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर हैं और उन्होंने फिर पुलिस उपयुक्त ग्रामीण को इस लैटर के माध्यम से चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर 24 घंटे के भीतर सभी मस्जिदों को चिन्हित करते हुए मस्जिद संचालकों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई नहीं की गई और उनको जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तो वह तीव्र ध्वनि से जनता परेशान होने के विषय को लेकर आंदोलन करेंगे। साथ ही पुलिस के अधिकारियों को इस मामले में जल्द से जल्द एक्शन लेकर उनको भी सूचना देने की इस पत्र के माध्यम से उन्होंने मांग की है।

### विधायक का आरोप न्यायालय और एनजीटी का नहीं चल रहा आदेश



**करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से लोनी के पूरे इलाके में तेज गति से लाउडस्पीकर बजाए जा रहे हैं, वह एनजीटी और न्यायालय द्वारा निर्धारित ध्वनि से बहुत अधिक हैं। इससे न सिर्फ छात्र परेशान हो रहे हैं, बल्कि बीमार, बुजुर्ग और सुबह के समय देर तक सोने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है।

# पेट्रोल पंपकर्मी से लूट का पुलिस ने किया खुलासा ,एक आरोपी गिरफ्तार

## बाइक और रोडवेज बस से फरार हुए थे लूट के बाद बदमाश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 13 फरवरी को सिहानी गेट थानाक्षेत्र में पेट्रोल पंप कर्मचारी से हुई 10 लाख 70 हजार रुपए की लूट के मामले में सिहानी गेट पुलिस ने एक आरोपी नावेद को गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले के दो आरोपी पहले ही हापुड़ पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एक फरार आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि नावेद कालाआम चौराहा थाना बुलंदशहर का रहने वाला है। नावेद के साथी इकराम, विजेंद्र और गुलफाम हैं। वारदात को अंजाम देने की बाद गुलफाम और इकराम बाइक पर बैठकर फरार हुए थे। तो गुलफाम कैश लेकर रोडवेज बस से अपने गांव पहुंचा था। नावेद के हिस्से में 2 लाख रुपये आए थे, जबकि अन्य पैसा आपस में इन्होंने बांट लिया था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है। खुलासा करने वाली स्वॉट टीम, थाना सिहानी गेट पुलिस और थाना कवि नगर पुलिस को डीसीपी सिटी जोन ने 25 हजार रुपये के नाम की घोषणा की है।

### डीसीपी सिटी की टीम ने सिहानी गेट पुलिस को दिया 25000 का इनाम



### लूट के लिए खरीदी थी नई बाइक, उसी से हुए थे फरार

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि पकड़ा गया नावेद शातिर अपराधी है। साथ ही इसके अन्य सहयोगी भी बुलंदशहर के शातिर बदमाश हैं। चारों ने लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए 50 हजार रुपए जमा कर नई बाइक खरीदी थी। वहीं वारदात वाले दिन बाइक में फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया गया था। वहीं पुलिस ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार नावेद लगभग 53 साल का है और यह रेकी और माल को ठिकाने लगाने में शामिल था।

### पेट्रोल पंप लूटने के लिए बुजुर्ग विजेंद्र से करवाते थे रेकी

**करंट क्राइम :** पुलिस के लिए पेट्रोल पंपकर्मी से हुई लूट के मामले का खुलासा चुनौती बनता जा रहा था। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने एक आरोपी नावेद को गिरफ्तार किया है। नावेद 53 साल का है, जबकि इस गिरोह का रेकी करने वाला सदस्य विजेंद्र था। जो लगभग 60 साल से अधिक उम्र का है। वह वारदात के लिए कपड़े बदलकर और मुंह पर कपड़ा लपेट के आता था ताकि उसकी पहचान ना हो सके।

# डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल के जोन में पुलिस ने खोज डाले 118 मोबाइल

## इंदिरापुरम सर्किल ने खोजे सर्वाधिक 69 फोन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर्ड पोर्टल के जरिए फोन खोजने का अभियान चल रहा है। जिसमें सात थानाक्षेत्रों के अलग-अलग इलाकों से कुल 118 मोबाइल बरामद किए गए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देश पर यह है अभियान चलाया गया था।

जिसमें इंदिरापुरम सर्किल ने 69 मोबाइल बरामद किए हैं, तो साहिबाबाद सर्किल में 25 और शालीमार गार्डन सर्किल ने 24 मोबाइल बरामद करने में सफलता हासिल की है। कुल मिलाकर थाना इंदिरापुरम, कौशांबी और खोड़ा पुलिस ने सर्वाधिक मोबाइल बरामद किए हैं।



### मोबाइल बरामदगी में इंदिरापुरम सर्किल रहा टॉप

**करंट क्राइम :** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के सर्किल में तीन थाने आते हैं। जिसमें थाना इंदिरापुरम पुलिस ने 35 मोबाइल, तो थाना खोड़ा ने 20 मोबाइल फोन और कौशांबी ने 14 मोबाइल बरामद करने का काम किया है। इसके साथ ही साहिबाबाद और शालीमार गार्डन सर्किल में मोबाइल बरामदगी को लेकर नेट टू नेट वाली फाइट भी देखने को मिली है।

### पीड़ितों ने पुलिस को बोला थैंक्स

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में जोन बार पुलिस इन दिनों लोगों के खोए हुए और गुमशुदा फोनों को बरामद कर सौंपने का काम कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जिसमें 118 लोगों के खोए हुए फोन बरामद कर उन्हें सौंपे गए हैं। जिसके बाद लोगों ने पुलिस का धन्यवाद किया है।

# गाजियाबाद कचहरी में रही हड़ताल नहीं खुले अधिवक्ताओं के चेंबर

## अधिवक्ता संशोधन अधिनियम विधेयक 2025 के विरोध में की नारेबाजी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता संशोधन अधिनियम विधेयक 2025 के विरोध में समस्त बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश से आह्वान किया था, कि दिनांक 25 फरवरी को समस्त जनपद बार एसोसिएशस, तहसील बार एसोसिएशन पूर्णतया रजिस्ट्री कार्यालय बंद रखेंगे। मंगलवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहें। इसके साथ ही किसी भी न्यायालय में कार्य नहीं हुआ। वहीं बार एसोसिएशन के आवहन पर अधिवक्ताओं ने अपने चेंबर भी बंद रखे। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा व सचिव अमित नेहरा ने कहा है कि मंगलवार को हड़ताल रही। वहीं स्टांप वेंडर और टाइपिस्ट भी अपना कार्य पूर्णता बंद रखा। स्टांप वेंडर या टाइपिस्ट पर भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिवक्ताओं ने नजर रखने का काम किया। बता दें कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम बिल 2025 के विरोध में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले वकीलों ने सांकेतिक हड़ताल कर विरोध-प्रदर्शन किया। न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए बिल को वापस लेने की मांग की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि इस बिल के पारित होने के बाद किसी बड़े अपराधी या प्रभावशाली व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा लेने में भी वकील संकोच करेंगे। यह स्वतंत्र वकालत पर गंभीर प्रभाव डालने वाला साबित होगा।



### शांतिपूर्वक रहा प्रदर्शन

**करंट क्राइम :** मंगलवार को अधिवक्ता हड़ताल पर थे, वह अधिवक्ताओं के नए बिल में संशोधन की मांग कर रहे हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं के हडंताल को लेकर बड़ी संख्या में कचहरी के आसपास पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई, इसीलिए किसी प्रकार की व्यवस्था देखने को नहीं मिली। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद से जुड़े अधिवक्ताओं का कहना है कि अगर जल्द ही अधिवक्ताओं के इस बिल को लेकर सरकार ने स्थिति साफ नहीं की तो वह दोबारा से प्रदेश स्तर पर रणनीति बनाएंगे और इस बार यह प्रदर्शन, आंदोलन और हड़ताल लंबी चल सकती है।

## संपादकीय

# अपराध का जाल

म्यांमार के साइबर क्राइम अड्डों से 70 भारतीय छुड़ाए गए, जो साइबर अपराध की गंभीरता को उजागर करता है। इस तरह के संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। साइबर अपराध का फलता-फूलता नेटवर्क वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी नुकसान कर रहा है। म्यांमार के साइबर क्राइम अड्डों से 70 भारतीयों को जिस तरह छुड़ाया गया, उससे पता चलता है कि यह समस्या कितनी गंभीर है। साइबर अपराधियों का जाल बहुत फैला हुआ है और खत्म करने के लिए साझे प्रयास की जरूरत है। बाहरी सपोर्ट साइबर अपराधी अब पहले से ज्यादा संगठित और ज्यादा ताकतवर बन चुके हैं। म्यांमार में ही जो भारतीय फंसे हुए थे, उन्हें नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया था। काम और जगह कोई और बताई गई, फिर धोखा देकर साइबर क्राइम में धकेल दिया गया। छुड़ाए गए भारतीयों में गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, यूपी समेत कई राज्यों के लोग हैं। इतना बड़ा अपराध संगठित नेटवर्क के बगैर नहीं चल सकता। जब तक इस नेटवर्क को खत्म नहीं किया जाता, आम लोग इसके चंगुल में फंसते रहेंगे।

दबाव बनाया जाए म्यांमार का म्यावाडी वैसे भी साइबर अपराध के लिए बदनाम है। यहां करीब 2000 भारतीय फंसे हुए हैं। इनमें से ज्यादातर से जबरदस्ती ऑनलाइन ठगी कराई जा रही है। अभी जो रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ, उसे म्यांमार की बॉर्डर गार्ड फोर्स ने अंजाम दिया है। भारत और दूसरे देशों को इस मामले में म्यांमार का सहयोग लेना चाहिए और जरूरत पड़े तो मदद करनी चाहिए ताकि इस अड्डे को पूरी तरह खत्म किया जा सके। यहां दूसरे मुल्कों के लोग फंसते ही नहीं हैं, बल्कि यहीं से उन मुल्कों के लोगों को फंसाया भी जाता है। अर्थव्यवस्था पर चोट : आज साइबर अपराधियों की जद से कुछ भी बाहर नहीं है। अनुमान है कि इस साल तक साइबर क्राइम की वजह से होने वाला नुकसान 10 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है। 10 साल पहले यह आंकड़ा 3 ट्रिलियन डॉलर के आसपास था। यानी, साइबर अपराधियों ने दुनियाभर की सरकारों की नाक के नीचे इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था खड़ी कर ली है, जिसकी यदि देशों से तुलना की जाए तो तीसरे नंबर पर आएगी। यही पैसा फिर आतंकवाद और अराजकता फैलाने में इस्तेमाल होता है। जागरूकता की जरूरत जून 2022 के बाद से म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और थाईलैंड से 600 से अधिक भारतीयों को रेस्क्यू किया जा चुका है। इसका एक मतलब यह भी है कि साइबर क्रिमिनल्स पर फुटकर हमलों का असर नहीं हो रहा। वे पहले की तरह ही आम लोगों को जरिया बनाकर आम लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। इसे खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की जरूरत है।

# असम में एक लाख करोड़ करोड़ का निवेश करेंगे अदाणी और अंबानी

## एडवांटेज असम शिखर सम्मेलन में हुआ ऐलान



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को एलान किया उनका समूह राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी मंगलवार को कहा कि कंपनी अगले पांच साल में असम में पांच विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। देश के दो सबसे बड़े कारोबारी समूह अदाणी और अंबानी पूर्वोत्तर के राज्य असम को निवेश का बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। दोनों ही समूह के मुखिया गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी ने मंगलवार को प्रदेश में 50-50 हजार करोड़ रुपये के निवेश का एलान किया। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को एलान किया उनका समूह राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। उन्होंने यह बात गुवाहाटी में आयोजित ह्यएडवांटेज असम शिखर सम्मेलनह्व के उद्घाटन समारोह में कही। अदाणी ने कहा कि उनका समूह असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को रफ्तार देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे निवेश जारी रहेंगे।

उधर, रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने भी घोषणा की है कि उनकी कंपनी आने वाले पाँच वर्षों में असम में पाँच प्रमुख क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी के साथ-साथ आधारभूत संरचना के विकास को भी बल मिलेगा। असम को प्रौद्योगिकी और एआई के लिए तैयार करेगी अदाणी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी मंगलवार को कहा कि कंपनी अगले पांच साल में असम में पांच विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। 'एडवांटेज असम' व्यापार शिखर सम्मेलन में बोलते हुए अंबानी ने कहा कि इस धनराशि का निवेश असम को प्रौद्योगिकी और एआई के लिए तैयार करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2018 के निवेश शिखर सम्मेलन में मैंने 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। तब से निवेश 12,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। यह राशि चौगुनी हो जाएगी और हम अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में यह राशि निवेश की जाएगी उनमें हरित और परमाणु ऊर्जा, खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला और रिलायंस के खुदरा स्टोरों का विस्तार शामिल है।

### अदाणी बोले- हम असम की प्रगति का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक

अदाणी ने अपने संबोधन में कहा, हम असम की प्रगति की कहानी का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हैं। हम असम में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह निवेश हवाई अड्डों, एयरोसिटी, शहरी गैस वितरण नेटवर्क, बिजली ट्रांसमिशन, सीमेंट और सड़क निर्माण जैसे अहम क्षेत्रों में किया जाएगा। अदाणी के अनुसार, असम इस समय विकास को गति देने की स्थिति में है और हम इसी प्रतिबद्धता व दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 148 अंक चढ़ा, निफ्टी 22550 से नीचे फिसला



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार का प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को पांच दिन की गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। हालांकि इस दौरान निफ्टी एक बार फिर लाल निशान पर बंद हुआ। आइए जानते हैं, शेयर बाजार विस्तृत हाल।

घरेलू शेयर बाजार का प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को पांच दिन की गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। हालांकि इस दौरान निफ्टी एक बार फिर लाल निशान पर बंद हुआ। बाजार के दिग्गज वित्तीय और ऑटो शेयरों में बढ़त ने धातुओं से जुड़े शेयरों में नुकसान की भरपाई की औरअमेरिकी टैरिफ के कारण बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता पर अंकुश लगाया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 147.71 अंक या 0.20% बढ़कर 74,602.12 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स 5.80 अंक या 0.03% की गिरावट के साथ 22,547.55 पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।
- अपराध दृश्य फिंगरप्रिंट धूल कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, यहां तक कि कैंसर भी हो जाता है।
- एक हैकर एक तस्वीर से जर्मन रक्षा मंत्री के फिंगरप्रिंट को फिर से बनाने में सक्षम था। इस हैकर है आईफोन 5 एस के रिलीज के 24 घंटे के भीतर ऐप्पल के थंबप्रिंट सत्यापन को हरा दिया था।
- विलियम हर्शेल 2 किसी अनुबंध/कॉन्ट्रैक्ट पर फिंगरप्रिंट का उपयोग करने वाला पहला व्यक्ति था। इसके अलावा, वह खगोलविद जॉन हर्शेल का बेटा था जिसने फोटोग्राफी का आविष्कार किया, जो कि अन्य चीजों के साथ यूरेनस के खोजकर्ता विलियम हर्शेल का पुत्र भी था।

# यूएस टैरिफ में वृद्धि का भारत पर सबसे ज्यादा असर

## एशिया-प्रशांत के कई देशों को भी पड़ेगा भुगतना



**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन के कार्यकाल में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कई अर्थव्यवस्थाओं को उच्च टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ेगा। उसके बाद दक्षिण कोरिया और थाईलैंड पर इस व्यापारिक प्रतिशोध का सर्वाधिक अधिक असर हो सकता है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट ह्यअमेरिकी व्यापार शुल्क से एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ने की संभावनाह्व में कहा, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसी अर्थव्यवस्थाओं का अमेरिका के प्रति आर्थिक जोखिम अपेक्षाकृत अधिक है। इसका अर्थ है कि अगर शुल्क लगाया गया तो इन पर सबसे अधिक आर्थिक प्रभाव होगा। भारत और जापान की अर्थव्यवस्थाएं घरेलू रूप से अधिक उन्मुख हैं, जिससे इन पर अमेरिकी टैरिफ का असर कुछ कम होगा।

### अमेरिका शुल्क की तुलना किस स्तर पर करेगा, स्पष्ट नहीं

एजेंसी ने कहा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कुछ स्थान अमेरिकी उत्पादों पर तुलनात्मक रूप से अधिक शुल्क लगाते हैं। उन अर्थव्यवस्थाओं पर ह्यजवाबी शुल्क कार्रवाईह्व के लिए संभावित जांच की जाएगी। इस पर नजर रखना मुश्किल है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका शुल्क की तुलना किस स्तर पर करेगा। एसएंडपी ने कहा, परिणाम भिन्न हो सकते हैं, जो लागू विवरण के स्तर पर निर्भर करेगा। प्रभावी शुल्क के ये अनुमान आयात शुल्क लगाने के उपयोगी संकेतक हैं।

### यह अंत नहीं, अनिश्चितता बहुत अधिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, वह भारत सहित अपने व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क लगाएंगे। अमेरिकी प्रशासन पहले ही चीन से आयात पर अतिरिक्त 10 फीसदी और इस्पात एवं एल्युमीनियम पर 25 फीसदी टैरिफ लागू कर चुका है। एसएंडपी ने कहा, यह इसका अंत नहीं हो सकता। अनिश्चितता बहुत अधिक है, क्योंकि अमेरिका ने साझेदार अर्थव्यवस्थाओं पर व्यापार शुल्क लगाने में काफी बेबाकी दिखाई है।

# एआई के कारण तीन साल में 4,000 छंटनी करेगा डीबीएस

**नई दिल्ली।** ग्लोबल बैंकिंग ग्रुप डीबीएस तीन वर्षों में 4,000 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रहा है। इसकी प्रमुख वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाना है। निकाले जाने वाले कर्मचारियों का यह आंकड़ा डीबीएस समूह के कुल कार्यबल का 10 फीसदी है। डीबीएस के सीईओ पीयूष गुप्ता ने सोमवार को नैसकॉम के कार्यक्रम में कहा, एआई अतीत में अपनाई गई किसी भी तकनीक से अलग है। इसका इस्तेमाल बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, डीबीएस समूह में अपने 15 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में पहली बार उन्हें नई नौकरियां सृजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है।



# कॉफी डे के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया फिर से शुरू

आदेश पारित नहीं करने से कॉफी डे के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया फिर से शुरू राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्धारित 21 फरवरी की समयसीमा के भीतर आदेश नहीं करने के कारण कैफे कॉफी डे श्रृंखला का स्वामित्व रखने वाली कॉफी डे एंटरप्राइजेज लि. (सीडीईएल) के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सीडीईएल ने बताया, एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ ने पिछले सप्ताह अपने निलंबित बोर्ड के निदेशक की ओर से दायर अपील पर सुनवाई पूरी कर ली थी।

### क्रेडिफिन देगी 300 से अधिक नौकरियां

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन अगले दो महीने में 300 से अधिक लोगों की भर्तियां करेगी। कंपनी ने कहा, वह महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में अपने परिचालन का विस्तार कर रही है। इसके लिए श्रमबल बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी।

## राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। काफी समय से रुका हुआ काम आज पूरा होगा। आप कोई नया काम शुरू करने के बारे में सोचेंगे।

**वृष :** आज जीवनसाथी से कुछ अनबन हो सकती है। शांत बातचीत करें। गलत शब्दों का प्रयोग आपके रिश्ते में गलतफहमी पैदा करेगा।

**मिथुन :** आज के दिन को बेहतर बनाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। काम के सिलसिले में आज आपको लगातार मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क :** आज आपका ध्यान पुराने कामों को पूरा करने की ओर रहेगा। जिससे आप जल्द ही पूरे हो जाएंगे। आप मानसिक रूप से बेहतर महसूस करेंगे।

**सिंह :** बिजनेस में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला लेते समय बजट का ध्यान रखें, नहीं तो कर्ज लेने जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार और कामकाज से जुड़ी चल रही दिक्कतों में कुछ कमी आएगी।

**तुला :** आज आपका दिन ठीक रहेगा। दफ्तर में किसी से बेवजह की बातें करने से आपको बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर भी काबू रखना होगा।

**वृश्चिक :** आज पारिवारिक जीवन में तनाव कम रहेगा और आप पारिवारिक जीवन का भरपूर आनंद उठा पाएंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए काफी बेहतर रहेगा। कामकाज में आपका मन लगेगा। हालांकि आप इस असमंजस में रहेंगे कि किस काम को पहले प्राथमिकता दें।

**मकर :** आज के दिन आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। घरेलू सामानों की खरीदारी करेंगे। महिलाओं के लिए दिन बेहतरीन रहेगा।

**कुंभ :** आज आपको कई नए अवसर मिलने की संभावना है। लंबे संघर्ष के बाद आज आपको सफलता मिलती नजर आ रही है।

**मीन :** पिछले कुछ दिनों से भाग्य ने आपका भरपूर साथ दिया है, आज भी आपका साथ देगा, इसलिए इस समय का भरपूर लाभ उठाएं।

## चुटकुले

पापा - बेटा सिगरेट का पैकेट ले आ,
सही लाना चेक करके।
थोड़ी देर बाद
बेटा - ये लीजिए पापा।
पापा - इसमें एक कम क्यों है?
बेटा - चेक करके लाया हूं ना, इसलिए।

---

एक अंकल ने सोनू से पूछा- पढ़ाई कैसी चल रही है?
सोनू ने जवाब दिया- अंकल, समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाते हैं,
बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाते हैं,
चुल्लू भर नंबर आते हैं, उसी में डूब कर मर जाते हैं।

---

मोहन दर्जी के पास गया और उससे पूछा- पैंट की सिलाई कितने की है?
दर्जी - 300 रुपए।
मोहन - और निक्कर की?
दर्जी - 100 रुपए।
मोहन - तो फिर निक्कर ही सिल दो, बस लंबाई पैरों तक कर देना।

## 26 02 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



शक्तिकांत दास
(प्रधान सचिव नरेन्द्र मोदी)



अद्विक दांगी



मौली शर्मा



मोलिका वत्स



रूचि शर्मा



आशीष अग्रवाल



अनिल शर्मा



अंकुर सक्सेना



राजेश शर्मा



राजकुमार रावत



योगेश त्यागी



आर्यन प्रताप सिंह



मनोज शर्मा



योगेन्द्र शर्मा



शिवशंकर



सोनू त्यागी



मौजफ्फर इस्लाम



कृष्ण मोहन राय



देवांशु राज



लवीश त्यागी



संजय कश्यप

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया

## लेंडल सिमंस ने 94 रन बनाए; तीसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी



**मुंबई।** वेस्टइंडीज मास्टर्स ने डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए पहले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स को 7 विकेट से हरा दिया। वेस्टइंडीज मास्टर्स के जीत के हीरो लेंडल सिमंस रहे। जिन्होंने 44 गेंदों का सामना कर 94 रन बनाए।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने 8 विकेट खोकर 216 रन बनाया, वहीं 217 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज मास्टर्स ने 3 विकेट खोकर इसे हासिल कर लिया। शेन वॉटसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेली तेज पारी ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के लिए सबसे ज्यादा रन शेन वॉटसन ने बनाया। उन्होंने 52 गेंदों पर 107 रन बनाया। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके और 9 छक्के जमाए। शेन वॉटसन ने मात्र 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और अपने अगले अर्धशतक के लिए 21 गेंदों का सामना किया। वॉटसन ने बेन डंक (11 गेंदों पर 15 रन) के साथ पारी की शुरूआत करते हुए 34 रनों की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने कैलम फर्ग्यूसन (15 गेंदों पर 13 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी की। फिर उन्होंने डेनियल क्रिश्चियन (15 गेंदों पर 32 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी भी की, जिसने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए विशाल स्कोर खड़ा किया। वॉटसन को 80 रन पर एशले नर्स ने जीवनदान दिया। नर्स ने उनका कैच छोड़ दिया। हालांकि, आखिर में उनका विकेट एशले ने ही लिया।

वेस्टइंडीज के लिए एशले नर्स सफल गेंदबाज वेस्टइंडीज मास्टर्स के लिए एशले नर्स सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 16 रन देकर 3 विकेट लिए। उनके अलावा रवि रामपॉल और जेरोम टेलर ने दो-दो विकेट लिए।

लेंडल सिमंस और ब्रायन लारा के बीच तीसरे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी लेंडल सिमंस और बायन लारा के बीच तीसरे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी हुई। इससे पहले क्रिस गेल और ड्वेन स्मिथ ने पारी को अच्छी शुरूआत दी। स्मिथ ने 29 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रनों की शानदार पारी खेली। जबकि गेल ने 12 गेंदों पर 11 रन बनाए। वहीं सिमंस ने 44 गेंदों पर 94 रन बनाए। कप्तान ब्रायन लारा ने 21 गेंदों में 33 रनों का योगदान दिया।

आखिरी तीन ओवरों में 38 रन की जरूरत थी। अंतिम तीन ओवरों में 38 रनों की जरूरत थी। सिमंस और विकेटकीपर चैडविक वाल्टन (11 गेंदों पर नाबाद 23) ने डेनियल क्रिश्चियन की गेंद पर तीन चौके जड़कर अंतर को 17 रनों से कम किया और फिर कई चौके लगाकर चार गेंद शेष रहते औपचारिकताएं पूरी कीं।

# पाकिस्तान की करारी शिकस्त पर फूटा सना मीर का गुस्सा, कहा- धोनी भी इस टीम को नहीं जिता सकते थे



**नई दिल्ली।** भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान की टीम को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में पाकिस्तान की महिला टीम की पूर्व कप्तान सना मीर ने भी मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम को लताड़ लगाई है। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी इस टीम का कुछ नहीं कर सकते।

### सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हुआ पाकिस्तान

पाकिस्तान की टीम को अपने पहले दो मैच में न्यूजीलैंड और भारत से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। उसे अपने आखिरी मैच में अब बांग्लादेश का सामना करना है। सना ने 'गेम ऑन है' कार्यक्रम में कहा- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जिन 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, उसे देखते हुए अगर आप महेंद्र सिंह धोनी या (पाकिस्तान के पूर्व कप्तान) यूनिस खान को भी कमान सौंप दो तब भी कुछ नहीं होने वाला क्योंकि टीम का चयन खेल की परिस्थितियों को देखकर नहीं किया गया है।

मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को भारत से छह विकेट से हार झेलने के बाद लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बनी 39 वर्षीय सना ने कहा- मैं मैच देख रही थी तो तब मेरे एक दोस्त का फोन आया कि भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए हैं मुझे लगता है कि मैच खत्म हो गया है। मैंने उससे कहा कि पाकिस्तान का खेल तो तभी खत्म हो गया था जब टीम घोषित की गई थी। पाकिस्तान की तरफ से सीमित ओवरों के 300 से अधिक मैच खेलने वाली सना ने कहा कि टीम का चयन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं किया गया। उन्होंने कहा- मैं शुरू से कह रही हूं कि टीम की घोषणा होने के साथ ही हमारी आधी हार सुनिश्चित हो गई थी। जब पाकिस्तान को पता था कि हमें कम से कम एक मैच दुबई में खेलना है तो फिर टीम में दो पार्ट टाइम स्पिनर क्यों रखे गए।

# 8 मार्च, 2025 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसके क्रम में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार-दशम के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 8 मार्च 2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है।

**न्यायालय स्तर पर**— अपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमें, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे विनिर्दिष्ट अनुपालन मुकदमे) आदि।

**क्रिमिनल मामले:**— बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले।

**ई-ट्रैफिक चालान:**— 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट।

**उपजिलाधिकारी के स्तर पर:**— राजस्व वाद, भरण पोषण से संबंधित वाद, पारिवारिक, प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा।

**तहसीलदार, न्यायालय स्तर पर:**— राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा।

**नायब तहसीलदार स्तर पर:**— न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर पर:**— विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा।

**बाट तथा माप विभाग के स्तर पर:**— विधिकमान विज्ञान (बाट/माप) लें काँटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा। है।

**नगर पंचायत स्तर पर:**— हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई और बिजली से संबंधित, भूमि विवाद अतिक्रमण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। बैंक से संबंधित:– एनपीए खातों से संबंधित विवादों का निस्तारण किया जायेगा। पुलिस विभाग:– ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

नगर निगम गाजियाबाद:– हाउस टैक्स, वाटर टैक्स, सीवर टैक्स से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण:**— अतिक्रमण से संबंधित वादो का निस्तारण किया जायेगा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने जनपद के सभी व्यक्तियों एवं वादकारियों से अनुरोध करना है कि आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को 8 मार्च 2025 को उपस्थित होकर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें, एवं लोक अदालत को सफल बनायें।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में नॉर्को- आर्डिनेशन मैकेनिज्म की बैठक आयोजित

## जनपद को नशा मुक्त बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : एडीएम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को-आर्डिनेशन मैकेनिज्म की बैठक आयोजित हुई।

### 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' टैग लाइन के तहत चलाया जाये विशेष अभियान : गम्भीर सिंह

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह की अध्यक्षता ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद को नशा मुक्त बनाने हेतु एक युद्ध-नशे के विरूद्ध टैग लाईन के तहत विशेष अभियान चलायें जाएं। कार्यशालाएं और जागरूक कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। साथ ही नशे के विरूद्ध की गयी कार्यवाही का प्रचार भी कराया जाए। जिससे जनपद में नशे का करोबार पर रोक लग सके। नशे के विरूद्ध चलाये जाने वाले कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार से लोगों में जागरूकता आयेगी, जिसके परिणाम स्वरूप नशे पर काबू पाया जा सकेगा। उन्होने कहा कि जीएसटी विभाग को पूर्व में नशे के प्रति जागरूकता कार्यशाला कराने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु उनके द्वारा कोई भी कार्यशाला आयोजित नहीं की गयी। उन्होने कहा कि जीएसटी विभाग को उक्त कार्यशाला ना कराने के कारण स्पष्ट करने हेतु नोटिस भेजने के निर्देश दिये और कहा कि जीएसटी विभाग जल्द कोई कार्यशाला का आयोजन करें। एडीएम सिटी द्वारा सभी विभागों से क्रमवार नशे के विरूद्ध उनके द्वारा किये गये कार्यों का विवरण लिया गया। उन्होने कहा कि गाजियाबाद क्षेत्र के सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा यंत्र द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार तथा परिवहन निगम के अनुबन्धित ढाबों पर भी नशा मुक्ति से सम्बन्धित होर्डिंगस/बोर्ड लगाये जाएं। जनपद में संघन चैकिंग अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर पूर्ण रूप से विराम लगाये जाने का कार्य किया जाए। उन्होने कहा कि जनपद को नशा मुक्त बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक में पुलिस विभाग, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग, जीआरपी, परिवहन, वन विभाग, यातायात, आबकारी विभाग, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

# बारिश ने बिगाड़ा खेल, 20-20 ओवरों का हो सकता है खेल, मैदान पर कवर्स मौजूद

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में आज ऐसी दो टीमें टकराने जा रही हैं जिन्होंने हाल के समय में अपने खेल से तहलका मचाया है। दोनों खिताब की प्रबल दावेदार भी हैं और दोनों की ही नजरें सेमीफाइनल में जगह बनाने पर होंगी।

स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली साउथ अफ्रीका से है। ये मैच रावलपिंडी में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका ने पहले मैच में अफगानिस्तान को हराया था तो वहीं ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को मात देने के बाद आ रही है।

ऑस्ट्रेलिया इस टूनामेंट में अपने कई दिग्गजों के बिना उतरी है। उसकी गेंदबाजी की धार कमजोर है क्योंकि इसमें पैट कमिंस और जोश हेजलवुड जैसे नाम नहीं है। हालांकि, अभी तक इनकी कमी टीम को महसूस नहीं हुई है।

# एथरटन और हुसैन ने कोहली को वनडे का सर्वकालिक महान खिलाड़ी बताया




**नई दिल्ली।** विराट कोहली के वनडे क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड से प्रभावित इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और नासिर हुसैन ने जमकर तारीफ करते हुए उन्हें वनडे का सर्वकालिक महान खिलाड़ी करार दिया। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रविवार को नाबाद 100 रन बनाए जो वनडे में उनका 51वां शतक है। इस दौरान वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद वनडे में 14000 रन पूरे करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज भी बने।

एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करने के मामले में विराट कोहली का कोई सानी नहीं है। इस मामले में क्रिकेट इतिहास में उनसे बेहतर कोई नहीं है। वनडे में 51 शतक अविश्वसनीय आंकड़ा है।

इंग्लैंड के सबसे सफल कप्तानों में से एक हुसैन ने कहा, वह बेजोड़ खिलाड़ी है। आप कह सकते हैं कि वनडे में वह सर्वकालिक महान खिलाड़ी है। आंकड़े इसके गवाह हैं। तेंदुलकर, कुमार और एबी डी विलियर्स सभी महान खिलाड़ी हैं लेकिन वह इन सबसे ऊपर है। विराट कोहली (14085 रन) अभी भी तेंदुलकर (18426) से 4341 रन पीछे हैं और 36 साल की उम्र में उनके पास इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बहुत सीमित समय है लेकिन पोंटिंग को नहीं लगता कि कोहली के लिए यह असंभव काम है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने 50 ओवर के प्रारूप में विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी देखा है। अब जबकि वह (सर्वाधिक रन बनाने के मामले में) मुझसे आगे निकल गए हैं और अब केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में गन्ना किसानों के भुगतान संबंधित बैठक आयोजित

## ओवर वेट व घटतौली संबंधित कोई कार्य न हो, ध्यान रखें शुगर मिल: दीपक मीणा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में किसानों के गन्ना भुगतान के संबंध में शुगर मिल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

### गन्ना किसानों का भुगतान पैराई सत्र से पूर्व कराना सुनिश्चित करें शुगर मिल : जिलाधिकारी



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शुगर मिल के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे आने वाले पैराई सत्र यानि दीपावली से पूर्व ही गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान करना सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाये जाने वाले गन्ने की ढुलाई शासन के निर्देशानुसार एवं नियमानुसार ही करायें, यदि ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ना क्रय केन्द्र पर किसी भी कारण से घटतौली नहीं होनी चाहिए, ऐसा पाया जाने पर उनके खिलाफ कानून कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में जिला गन्ना अधिकारी प्रदीप कुमार एवं शुगर मील से प्रतिभाग करने वालों में मुख्य रूप से डीडी कौशिक जीएम (पीआर), सुरेश शर्मा डीजीएम, ए0ए0खान एजीएम, कुलदीप सिंह मैनेजर, विवेक कुमार, एल0डी0शर्मा, के0पी0सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कर्नाटक हाई कोर्ट ने दिया झटका, याचिका हुई खारिज



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कर्नाटक हाई कोर्ट ने झटका दिया है। दरअसल, जन्म प्रमाण पत्र में हेराफेरी के आरोप में कर्नाटक हाई कोर्ट ने लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार द्वारा याचिकाओं को खारिज कर दिया है। एम. जी. नागराज ने खिलाड़ी पर हेराफेरी कर फर्जी दस्तावेज पेश करने के आरोप लगाते हुए एक निजी शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लक्ष्य सेन के माता-पिता धीरेंद्र और निर्मला सेन, उनके भाई चिराग सेन, कोच यू विमल कुमार और कर्नाटक बैडमिंटन संघ के एक कर्मचारी ने जन्म रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा किया है।

### हाई कोर्ट ने जांच के आदेश दिए

हाई कोर्ट ने कहा कि मामले में प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं जो जांच की आवश्यकता को दर्शाते हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर लक्ष्य और चिराग सेन के जन्म प्रमाण पत्र में करीब दो साल छह महीने की उम्र घटा दी जिससे वे आयु-सीमित बैडमिंटन टूनामेंट में भाग ले सकें और सरकारी लाभ प्राप्त कर सकें। नागराज ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों के साथ अपना दावा पेश किया और न्यायालय से भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तथा खेल मंत्रालय से मूल रिकॉर्ड तलब करने का अनुरोध किया। हाई कोर्ट ने हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने को मामले की जांच के आदेश दिए।

### अधिक समय देने से किया इन्कार

अदालत के निर्देश के बाद, पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी) और 471 (नकली दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की। हालांकि, याचिकाकताओं ने 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख किया, जिससे एक अंतरिम आदेश प्राप्त हुआ जिसने जांच को रोक दिया। न्यायमूर्ति एम. जी. उमा ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकताओं के वकील को पर्याप्त अवसर दिए गए, लेकिन उन्होंने अपनी दलीलें पेश नहीं कीं। न्यायाधीश ने अधिक समय देने से भी इन्कार कर दिया।

# सुपर ओवर में हार के बाद भी टॉप पर है आरसीबी

**आरसीबी ने 4 में से 2 मुकाबले जीतकर 4 अंक हासिल किए हैं। वह अब भी टेबल टॉपर है। मुंबई इंडियंस की टीम भी दो जीत के साथ 4 अंक हासिल किए हैं, लेकिन नेट रन रेट के मामले में वह पिछड़ गई है और दूसरे नंबर पर है।**



**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग 2025 के ग्रुप मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वारियर्स के मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ। यह इस सीजन का पहला सुपर ओवर था। आरसीबी को सुपर ओवर में यूपी से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद पूर्व चैंपियन आरसीबी अंक तालिका में टॉप पर बनी हुई है। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच मुकाबला होने वाला है। गुजरात की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे है और आज का मुकाबला जीतकर अपनी स्थिति सुधारना चाहेगी।

### सुपर ओवर में यूपी ने आरसीबी को हराया

सोमवार को आरसीबी और यूपी का मुकाबला टाई हो गया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रन बनाए और यूपी को जीत के लिए 181 रनों का लक्ष्य दिया। यूपी की टीम 20 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 180 रन ही बना पाई। मैच टाई हो गया और मामला सुपर ओवर तक चला गया। सुपर ओवर में यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 रन बनाए। आरसीबी की टीम 9 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। अंक तालिका की बात करें तो आरसीबी ने 4 में से 2 मुकाबले जीतकर 4 अंक हासिल किए हैं। वह अब भी टेबल टॉपर है। मुंबई इंडियंस की टीम भी दो जीत के साथ 4 अंक हासिल किए हैं, लेकिन नेट रन रेट के मामले में वह पिछड़ गई है और दूसरे नंबर पर है। यूपी की टीम आरसीबी पर जीत दर्ज कर तीसरे नंबर पर आ गई है, इसके भी 4 अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स के अंक भी 4 हैं, लेकिन यह चौथे नंबर पर है। सबसे नीचे गुजरात की टीम है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में किस बात का फायदा उठा रही है टीम इंडिया? पैट कमिंस ने खोला राज

**नई दिल्ली।** इंजर्ड होने की वजह से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर बैठे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने एक बड़ा दावा टीम इंडिया को लेकर किया है। पैट कमिंस का मानना है कि भारत को दुबई में एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिल रहा है, जबकि अन्य टीमों को हाइब्रिड मॉडल के अनुसार खेले जा रहे इस टूनामेंट में ग्रुप चरण के अपने मैच पाकिस्तान के विभिन्न स्थानों पर खेलने पड़ रहे हैं। यहां तक कि कुछ टीमों को ट्रेवल करके दुबई भी आना पड़ रहा है। वहीं, टीम इंडिया को ज्यादा परेशानी ट्रेवल को लेकर नहीं करनी पड़ रही, क्योंकि उनको होटल से सीधे स्टेडियम पहुंचना होता है।

भारत ने सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए टूनामेंट के मेजबान पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद हाइब्रिड मॉडल के तहत टूनामेंट आयोजित करने का फैसला किया गया, जिसके अनुसार भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अगर फाइनल में पहुंचती है तो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भी दुबई में खेला जाएगा। फिलहाल के लिए सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने आखिरी लीग मैच से पहले प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया को अपना आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड से खेलना है और फिर 4 मार्च को टीम का सेमीफाइनल शेड्यूल है। पैट कमिंस ने याहू ऑस्ट्रेलिया से कहा, यह अच्छा है कि टूनामेंट का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन जाहिर तौर पर इससे उन्हें (भारत को) एक ही मैदान पर खेलने का बड़ा फायदा मिलता है। उनकी टीम पहले ही बहुत मजबूत है और उन्हें अपने सभी मैच एक स्थान पर खेलने का स्पष्ट फायदा भी मिल रहा है। भारत ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ आसान जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जो चार मार्च को दुबई में ही खेला जाएगा। अगर टीम इंडिया सेमीफाइनल मैच जीत जाती है तो फिर फाइनल भी इसी मैदान पर आयोजित होगा। पाकिस्तान की टीम टूनामेंट से बाहर हो गई है।



**पैट कमिंस का मानना है कि भारत को दुबई में एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिल रहा है, जबकि अन्य टीमों को हाइब्रिड मॉडल के अनुसार खेले जा रहे इस टूनामेंट में ग्रुप चरण के अपने मैच पाकिस्तान के विभिन्न स्थानों पर खेलने पड़ रहे हैं।**

# अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जीडीए का अभियान तेज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को ग्राम भिक्कनपुर मुरादनगर निकट इंद्रप्रस्थ कालोनी, मुरादनगर के खसरा सं.-614, 615 में संतोष व रवींद्र आदि द्वारा लगभग 7000 वर्ग मीटर पर मिट्टी भराई व चिनाई का कार्य, देवेन्द्र , नितिन कुमार , रविन्द्र व सचिन आदि द्वारा खसरा सं०- 471,472,473 के लगभग 6000 वर्ग मीटर पर मिट्टी भराई व दीवारों का निर्माण, हेमलता पत्नी नरेंद्र गर्ग, योगेश शर्मा व दिनेश शर्मा द्वारा खसरा सं0-475 के लगभग 18 बीघा पर अनाधिकृत कालोनी एवं हेमलता, दिनेश शर्मा व योगेश शर्मा द्वारा पूर्व मे निर्मित कालोनी के दायीं ओर एवं बायीं ओर लगभग 20-20 बीघा में अनाधिकृत कालोनी का निर्माण एवं विकास कार्य किया जा रहा था। उक्त सभी अवैध निर्माणों के विरुद्ध प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए सड़क, बाउंड्रीवाल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कोलोनाईजर / निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्रवाई के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया गया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## दूसरे समुदाय की युवती फरार, गांव में तनाव

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक नाबालिग युवती प्रेमी संग रातों रात रफूचक्कर हो गयी। युवती के परिजनों ने प्रेमी व उसके परिवार के लोगो के खिलाफ अगुवा कर ले जाने व चार लाख की नगदी चुराने का आरोप लगाया हैं। रूपयों का तगादा करने पर प्रेमी के परिजनों की ओर से जान से मारने की धमकी देने का मामला भी दर्ज कराया हैं। उधर, मामला अलग-अलग समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव का माहौल हैं। गांव तोडी निवासी गायब हुई युवती के पिता ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी बेटी की एक सहेली जो कि पड़ोस में ही रहती हैं। उसका घर पर आना जाना था। आरोप लगाया है कि उसकी सहेली ने अपने भतीजे शिवम से उसकी बेटी की दोस्ती करा दी। मोबाइल पर बातचीत के चलते प्रेम प्रसंग का पता चलने पर हमने अपनी बेटी का घर से बाहर निकलना बंद कर दिया। इस बीच मौका पाकर उनकी बेटी घर से भाग निकली। गायब युवती के पिता ने इस संबध में गांव के ही शिवम, नेहा, पूनम, महेंद्र पर अगुवा कर ले जाने तथा घर से चार लाख रुपए चोरी कर बेटी के ले जाने का आरोप लगाया है। रूपयों को मांगने पर आरोपी पक्ष ने जान से मारने की धमकी दी हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। मामला अलग अलग समुदाय का होने का कारण गांव में तनाव बना हुआ हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में एक स्नैचर को लगी गोली, तमंचा और लूट का माल बरामद



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद क्षेत्र में पुलिस ने एक चेन स्नैचर को मुठभेड़ में पकड़ा है। आरोपी की पहचान सुमित उर्फ भूरी के रूप में हुई है। वह बंद फाटक थाना लोनी का रहने वाला है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, साहिबाबाद पुलिस रेलवे स्टेशन कट के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार रेलवे अंडरपास की तरफ से आया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया। बाइक सवार पुलिस को देखकर रेलवे स्टेशन की तरफ भागने लगा। ओवर ब्रिज के पास उसकी बाइक गिर गई। बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी नंद नगरी दिल्ली निवासी विकास के साथ चेन और मोबाइल स्नैचिंग करता है। पुलिस ने आरोपी से तमंचा, कारतूस, लूट की मोटरसाइकिल और चैन-मोबाइल बेचकर जमा किए गए पैसे बरामद किए हैं।




### फूलवालों की गुहार क्यों कर दी ध्वजप्रणाम वालों ने अस्वीकार

किस्सा सरकार वालों की और ध्वज प्रणाम वालों की तकरार का है, किस्से में मठ है किस्से में लठ है और किस्से में खाकी वालो की वर्दी से लेकर ध्वजप्रणाम वालों की वर्दी हैं। किस्से में मामा है किस्से में भांजा हैं। किस्से में कुंआ है, किस्से में धुंआ है और अब सुना है कि पिटने के बाद ध्वज प्रणाम वालों ने समझौते सें इंकार कर दिया। एक तरफ फूल वालें हैं और एक तरफ ध्वज प्रणाम वाले हैं। एक चौकी क्षेत्र में बाईक और कार की टक्कर हो गई। दोनो में से किसी का भी इंट्रोडक्शन नही था नही तो मामला नही बढ़ता। बाईक सवार शाखा प्रमुख तो कार वालों के मामा फूल पार्षद। दोनो ही फूल और दोनो की अपनी अपनी हूल कार वालें ने बाईक वालें का पीटा और चल दिया कार उठा कर सीधा। कार सवार को ये अहंकार कि मामा पार्षद हैं हमारे और वो भी भाजपा के। इधर बाईक वाले भी ध्वज प्रणाम वाले थे लिहाजा उन्होने भी एक कॉल की और माहौल बनाने के लिये तीन पहुंचे वेश में और बाकी पहुंचे सिविल में। सीन ये रहा कि गण वाले वेश में तीन को देख कर दरोगा जी प्रेशर में आ गये और अक ना धक कर लिया तुरंत मुकदमा दर्ज। पार्षद मामा को पता चला कि मामला ध्वज वालों का हैं तो उन्होने कई फोन कराये मगर सुना है कि ध्वज प्रणाम वालों ने सदन की मुखिया से लेकर मौहल्ले के मुखिया को इंकार कर दिया। सुना फूल वालों खिलाफ तीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया वो भी संघ वालो की तहरीर पर। फूल वाले कह चुके कि गलती से मिस्टेक हो गई पर सुना है मगर ध्वज प्रणाम वालों ने साफ साफ इंकार कर दिया है।

### मानते हैं सासंद जी उनकी एडवाईस इसलिये उनके हैं 72 में से 22

लोकसभा वालों के यहां सीन दर्शन से लेकर उड़ान का चल रहा है। पार्लियामेंट में लंच और अगला पंच गोवा उड़ान का है। सुना है कि 72 का टूर हैं और इस 72 में 22 लोग उनके हैं। उड़ान गोवा की है मगर सीन में तो आंशिक विधानसभा वाले भी हैं और नगर पालिका वाले भी हैं। पता चला है कि इस पार्टली विधानसभा में बड़े ही स्मार्टली तरीके से लोकसभा वाले पालिका वालों से ही राय लेते हैं। पालिका वाले बिरादर भी हैं और आदर भी करते हैं। बताते हैं इधर की पालिटिकल पॉवर ऑफ अटार्नी उन्होने पालिका वालों को दे रखी हैं। सुना है कि जिनसे लेते हैं लोकसभा वाले भी यहां के सियासी और विकासीय मामलो में एडवाईस सुना है कि गोवा वाले टूर में जा रहें हैं उनके 72 में से 22

### लोकसभा विधानसभा और विपक्ष में भी यहां हैं अपना अपना प्रेम

गाजियाबाद की एक सियासी रवायत है कि यहां दल कोई सा भी हो मगर सभी दलों के लोग आपसी शिष्टाचार पूरी शिददत से निभाया जाता है। शिष्टाचार की बात चली तो सियासी प्रेम की बात आ गई। तब बताने वाले ने बताया कि यहां हर दल में प्रेम हैं, विधानसभा से लेकर लोकसभा तक प्रेम हैं और विपक्ष वालों में भी एक प्रेम बचे हैं और एक प्रेम दिवंगत हो चुके हैं। सबसे पुराना वफादार प्रेम तो लोकसभा वालों के पास हैं। ऐसा प्रेम जिसे लोकसभा वाले साथ लेकर चलते हैं। सबसे बड़ी विधानसभा में कैबीनेट वालों के सबसे प्रिय प्रेम को कौन नही जानता है। बात प्रेम की चली तो बताया गया कि कभी नीले दल के जिलाध्यक्ष रहे प्रेम अब दिवंगत हो चुके हैं। हाथ वालों के प्रेम अभी बचे हैं और वो ऐसे प्रेम हैं जो अलग अलग मौको पर अलग अलग के हैं। वो इंडियन है मगर हो सकता है कि उनके लुक के कारण उन्हे हाथ वाले भी चीनी कहते हैं और व्यापार वाले भी चीनी ही बुलाते हैं। उनकी नेचर अच्छी है इसलिये वों कांग्रेस वालों के भी हैं और व्यापार मडंल वालों के भी हैं और सुना है वो पुलिस वालों के भी हैं।

## न्यूज डायरी

### सोशल मीडिया पर वायरल दुल्हा-दुल्हन द्वारा हर्ष फायरिंग मामले की होगी जांच

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा था, जिसमें एक विवाह समारोह में दुल्हा-दुल्हन हर्ष फायरिंग करते नजर आ रहे थे। इस मामले में एसीपी ने संज्ञान लेते हुये जांच बैठा दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में एक पुरूष व महिला जो दूल्हा-दुल्हन प्रतीत हो रहे हैं एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग कर रहे हैं। वीडियो के संबंध में गहनता से जांच की गई, तो पाया गया कि ये वीडियो आरएस फार्म जोकि गोविन्दपुरी मोदीनगर में स्थित है, वहां का है। तनु चैधरी जो डबल स्टोरी मोदीनगर की रहने वाली है तथा हिमांशु चौधरी जो हर्ष विहार दिल्ली के रहने वाले है, इनकी शादी यहां पर थी। जहां इनके द्वारा हर्ष फायरिंग की गई हैं। इस संबंध में इनके विरुद्ध थाने पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है यह किसका है। इनके विरुद्ध भी वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी।

### तीन घंटे के अभियान में शराब पीने वाले 549 लोग पकड़े



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में तीन घंटे चले विशेष अभियान में 549 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। शहर के डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि नगर जोन में सबसे ज्यादा 251 लोगों को पकड़ा गया। इनमें विजयनगर से 64, नंदग्राम से 56, घंटाघर से 40, मधुबन बापूधाम से 43, कवि नगर से 33 और सिहानी गेट से 15 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार देहात जोन में 162 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। लोनी बॉर्डर से 32, क्रॉसिंग रिपब्लिक से 31, मुरादनगर से 23, लोनी से 14, वेव सिटी से 14, भोजपुर से 10, ट्रॉनिका सिटी और मसूरी से 7-7, अंकुर विहार और निवाड़ी से 6-6 तथा मोदीनगर से 12 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान करते हैं। इसी के मद्देनजर शराब के ठेकों के आसपास, सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर यह विशेष अभियान चलाया गया। पकड़े गए लोगों में युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई।

# विनीत शर्मा, नीरज त्यागी व अनुज राघव ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विनीत शर्मा ने कहा कि इस महाकुंभ में देश के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में साधु-संतों, ऋषि-मुनियों व तपस्वियों का आगमन हुआ है। इस महाकुंभ में ऐसे ऋषि-मुनियों ने भी दर्शन दिए हैं जो हमेशा समाज दुनिया से दूर एकांत में हिमालय की गोद में रहकर, केवल ईश्वर की तपस्या में लीन रहते हैं। इस सभी के कारण महाकुंभ में अमृत की वर्षा हो रही है। इनकी जरा-सी अनुभूति मिलना सौभाग्य का विषय है, यह सब निश्चित रूप से सभी को सुख-शांति और ईश्वरीय कृपा प्रदान करेगी। यहां आकर एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का ध्यान रखा है। हम सभी हृदय से उनका व प्रदेश सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

# जेनेसिस पब्लिक स्कूल के अर्जुन सारस्वत का 29 गेंदों में 100 रन का रिकॉर्ड



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा के रहने वाले अर्जुन सारस्वत ने 13 वर्ष की आयु में कौशल और गति का आश्चर्यजनक प्रदर्शन करते हुए, जेनेसिस पब्लिक स्कूल की तरफ से एक मैच के दौरान केवल 29 गेंदों में 100 रन बनाए। जिसमें 11 छक्के और 9 चौके मार कर यह रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली एक नया क्रिकेट रिकॉर्ड बनाया है। इस असाधारण उपलब्धि ने दर्शकों और विशेषज्ञों को आश्चर्यचकित कर दिया, क्योंकि रिकॉर्ड-ब्रेकिंग उपलब्धि लगभग अनसुनी समय सीमा में पूरी की गई थी। यह मैच जेनेसिस पब्लिक स्कूल आईसीसीएफ एकेडमी के बीच हुआ। अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ अर्जुन की आक्रामक और सटीक हिटिंग ने क्रिकेट जगत को सदमे में डाल दिया है। उन्होंने अविश्वसनीय सहजता से गेंदों का सामना किया और उल्लेखनीय निरंतरता के साथ छक्के और चैके लगाए। वह पावर-हिटिंग और सटीकता एवं सूझ बूझ के साथ। इस रिकॉर्ड के बारे में निस्संदेह जिसे आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा।

# नोएडा में सरस मेला का शुभारंभ, 400 से अधिक लखपति दीदी ले रही हिस्सा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने नोएडा हॉट में सरस आजीविका मेला का उद्घाटन किया। इस मेले का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देना है। मेले का थीम लखपति दीदी की निर्यात क्षमता का विकास है, जिसका मुख्य उद्देश्य परंपरा, कला, संस्कृति और रोजगार को बढ़ावा देना है। 2024 में 14 करोड़ रुपए तक पहुंचा व्यापार यह कार्यक्रम 10 मार्च तक आयोजित किया जाएगा और इसमें 400 से अधिक लखपति दीदी भाग ले रही हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस मेले में 20 राज्यों से 80 उद्यमी गृहिणियों का समूह प्रदेश के प्रसिद्ध व्यंजनों, हैंडलूम, साड़ी, ड्रेस मटेरियल, बिहार का कॉटन और सिल्क उत्तरप्रदेश के होम डेकोर, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, सिक्किम और अन्य राज्यों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगा रहे हैं। 2021 में व्यापार का आंकड़ा 3.83 करोड़ रुपए, 2022 में 5.3 करोड़ रुपए, 2023 में 9.21 करोड़ रुपए और 2024 में 14 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। ग्रामीण उत्पादों को अतंरराष्ट्रीय बाजार स्थान दिलाना चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा, हम ग्रामीण महिलाओं को उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ताकि वे इन्हें न केवल देश में, बल्कि दुनिया भर में बेच सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्पादों को ब्रांडिंग और मार्केटिंग तकनीकों से जोड़ना है, ताकि हम वैश्विक स्तर पर इनकी बिक्री बढ़ा सकें। हम ग्रामीण उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपलब्ध कराने के लिए कस्टम ड्यूटी से जुड़ी सभी परेशानियों को दूर करने के लिए निर्यात केंद्र स्थापित कर रहे हैं। उत्पादों के लिए ये बेहतरीन प्लेटफार्म कमलेश पासवान ने कहा कि मैं ग्रामीण विकास मंत्रालय के सभी अधिकारियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इस तरह के एक बेहतरीन प्लेटफार्म का निर्माण किया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को अच्छा बाजार मिलेगा और हम उनकी मदद से इस प्रकार के आयोजनों के जरिए उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देंगे।



# स्वास्थ्य कर्मियों की मानसिक सेहत पर विशेष सेमिनार का किया आयोजन




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में चिकित्सा पेशेवरों के बीच बढ़ते तनाव और मृत्यु दर को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़ और सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने जिमखाना क्लब में यह सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया। सेमिनार का उद्घाटन आईएमए अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार जैन, सचिव डॉ. गौरव मित्तल और पूर्व सीएमओ रेखा शर्मा ने किया। सिम्स के चीफ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल रामटेके ने स्वास्थ्य कर्मियों में तनाव से होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तनाव से प्रतिरक्षा स्तर कम हो जाता है। डॉक्टरों को नियमित रूप से अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए।

### संदीप बंसल ने व्यापारियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र दिए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच ट्रस्ट रजि. के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बंसल, राष्ट्रीय महामंत्री सुबोध गुप्ता (लोहे वाले), राष्ट्रीय चेयरमैन नितिन श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रदेश मंत्री सचिन मित्तल, प्रदेश मंत्री विपुल गोयल, एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद जाकिर, जिला उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार गर्ग की घोषणा की और फूलमाला पहनाकर एवं नियुक्ति पत्र दिए। सभी नवयुक्त पदाधिकारियों को संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की तरफ से शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।




## किस पर होने वाली है महादेव की कृपा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों पर किस पर महादेव की कृपा होगी। यह देखा जाना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। सूत्र बता रहे हैं कि महाशिवरात्रि के पर्व बीतने के बाद कभी भी तबादला एक्सप्रेस रवाना हो सकती है। इसके बाद एक्सप्रेस में कई ऐसे लोग भी सवार होना चाह रहे हैं, जो बीते लंबे समय से कमिश्नरेट में टेंशन वाले मोड में चल रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि इसमें दो आईपीएस अधिकारियों को अपना नया ठिकाना शुरू करने का आदेश मिल सकता है। तो वहीं दो एसीपी स्तर के अधिकारियों के लिए भी कोई सूचना सुनाई दे सकती है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि महादेव की कृपा कई थ्री और टू-स्टार पर भी जल्द ही होने वाली है। वहीं सुनने में आया है कि कई लोगों की मार्च में रवानगी वाली डेट फिक्स हो रही है। ऐसी जानकारी पुलिस कमिश्नरेट सूत्र दे रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मुख्य कार्यालय में इन दिनों चर्चा चल रही है कि यहां से कुछ लोग बदले जाएंगे, तो उन ऑफिस में कौन नया फेस आएगा इसको लेकर भी अभी से चर्चा बनी हुई है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि 26 के बाद और रमजान शुरू होने से पहले कभी भी नए आदेश भी आ सकते हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले लोकल सूत्र बता रहे हैं कि दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर विशेष ड्यूटी देने वालों पर क्या कृपा होती है, यह आने वाले दिनों में बताया जाएगा। इसमें कुछ थ्री और टू-स्टार ऐसे हैं जिन पर महादेव की कृपा हो सकती है। बता दें कि इससे पहले भी पिछले साल महा शिवरात्रि के बाद कई एसीपी और चौकी और थाना प्रभारियों की किस्मत बदलने वाली लिस्ट लोकल स्तर पर आई थी, देखना होगा इस बार क्या स्थिति बनती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लोकल फेर बदल के साथ ही तमाम आईपीएस और अन्य अधिकारियों की नजर प्रदेश वाली लिस्ट पर भी बनी हुई है। वह देखना चाहते हैं कि इसमें पश्चिम से लेकर पूर्व तक क्या बदलाव होता है और किन-किन डीआईजी स्तर के अधिकारियों को प्रयागराज वाली ड्यूटी का पुरस्कार मिलता है। वहीं सजा किसे मिलेगी और किसे मजा यह आने वाले दिनों में आईने की तरह क्लियर होने वाला है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर लखनऊ वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि गाजियाबाद में महादेव की कृपा को लेकर कई चौकी प्रभारी अपनी लिस्ट आने का वेट कर रहे हैं।




# गोकशी के 3 मामलों में वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ जिले की सिंभावली पुलिस ने गोकशी के तीन मामलों में वांछित आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। सीओ स्तुति सिंह के अनुसार, यह गिरफ्तारी जनपद में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि आरोपी जमील उर्फ बिहारी उर्फ पप्पू के खिलाफ थाना सिंभावली में गोकशी के तीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने सिंभावली क्षेत्र के नयाबास और रमपुरा गांव में वारदातों को अंजाम दिया था। एक घटना में वह गाड़ी में दो गायों के अवशेष ले जा रहा था। पुलिस को देखकर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था।

एक अन्य मामले में आरोपी ने सिखेड़ा गांव के पास नए बाईपास हाईवे पर गोकशी की। गोवंश के अवशेषों को बोरे में भरकर सड़क किनारे फेंक दिया था। बाद में ये अवशेष सिखेड़ा बाईपास के पास खेत में मिले थे। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली के साइन बाग इलाके में स्थित एक दुकान से गिरफ्तार किया। आरोपी हाईटेंशन रोड की तारोवाली गली में डी-116 के पास रहता था। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है।

# सांसद अरुण गोविल ने किया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के आर्य समाज मंदिर परिसर में आज एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्घाटन सांसद अरुण गोविल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. विकास अग्रवाल और मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के सचिव एवं चंडी मंदिर हापुड़ के अध्यक्ष संजय गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा मनोज बाल्मीकि, आर्य समाज प्रधान पवन आर्य, बिजेंद्र गर्ग, सुरेंद्र कबाड़ी और सुरेश आर्य सहित आर्य समाज, भाजपा एवं चंडी मंदिर के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। साथ ही मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श भी दिया गया। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर बिना नंबर प्लेट की कार में जा रहे दो वाहन चोर गिरफ्तार




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा की जेवर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हरियाणा से चोरी की ईको कार बरामद की है। यमुना एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को बिना नंबर प्लेट की एक ईको कार दिखाई दी। कार में दो लोग सवार थे।

जब पुलिस ने उनसे गाड़ी के कागजात मांगे तो वे दिखा नहीं पाए। पूछताछ में आरोपियों ने कार को हरियाणा से चोरी करना कबूल किया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बुलंदशहर के प्रशांत और जेवर के गोलू उर्फ योगेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की कार की नंबर प्लेट भी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर से वाहन चोरी कर अन्य जगहों पर बेच देते थे। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## न्यूज डायरी

### पेरिस में होटल की खिड़की से नवजात को फेंका

**पेरिस।** पेरिस में होटल की खिड़की से नवजात को फेंकने के आरोप में एक अमेरिकी महिला को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना में नवजात की मौत हो गई। महिला यूरोप की यात्रा पर थी। पेरिस के अभियोजक के मुताबिक, यह घटना सोमवार की सुबह हुई, जब नवजात को होटल की दूसरी मंजिल की खिड़की से फेंका गया। आपातकालीन सेवा ने नवजात को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि महिला से कुछ युवाओं के समूह के साथ अमेरिका से यूरोप की यात्रा पर आई थी। महिला को बच्चे की डिलीवरी के बाद मेडिकल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया और वहां से उसे हिरासत में ले लिया गया। बाल सुरक्षा पुलिस इकाई ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रक्षा क्षेत्र में संबंध मजबूत करने के लिए रूस और इंडोनेशिया की वार्ता

**रूस।** रूस और इंडोनेशिया ने मंगलवार को अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए जकार्ता में एक बैठक की, जिसमें रूस के सुरक्षा प्रमुख और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री के बीच चर्चा हुई। यह बैठक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के चौथे वर्ष में प्रवेश करने के बाद हुई है।

### पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार: वेटिकन

**वेटिकन।** वेटिकन ने सोमवार को जानकारी दी कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार हुआ है। प्रयोगशाला परीक्षणों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने कुछ कार्यकलाप फिर से शुरू किए हैं, जिनमें गाजा शहर के एक पैरिश से संपर्क करना भी शामिल है, जिसके साथ वे युद्ध के बाद से जुड़े हुए हैं। वेटिकन के शाम के बुलेटिन के मुताबिक, पोप फ्रांसिस, जो 88 वर्ष के हैं, दोनों फेफड़ों में निमोनिया से पीड़ित हैं, लेकिन अब उनकी श्वसन समस्या में कोई संकट नहीं है। रविवार को यह जानकारी सामने आई थी कि उनके गुर्दे में थोड़ी कमी है, लेकिन यह चिंता का विषय नहीं है। उन्हें पूरक ऑक्सीजन दी जा रही है और डॉक्टरों का कहना है कि उनकी स्थिति स्थिर है और उनका पूर्वानुमान सुरक्षित है। साथ ही पोप ने सुबह यूचरिस्ट लिया और फिर दोपहर में काम करना शुरू किया। शाम को उन्होंने गाजा के पैरिश पादरी से फोन पर बात की और अपनी पितृत्वपूर्ण निकटता और समर्थन व्यक्त किया।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों का बड़ा ऑपरेशन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया, जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए। सेना के मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को बताया कि यह अभियान रविवार रात और सोमवार सुबह के बीच बाग इलाके में चलाया गया। आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षा बलों को आतंकवादियों से मुठभेड़ का सामना करना पड़ा, जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में किसी भी शेष खतरे को समाप्त करने के लिए सफाई अभियान जारी है। बता दें कि यह अभियान खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में दो छापों के बाद किया गया था, जहां एक दिन पहले सात आतंकवादी मारे गए थे। इसी तरह के एक और अभियान में पिछले सप्ताह दक्षिण वजीरिस्तान जिले में 30 आतंकवादी मारे गए थे। पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिली है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में, जब से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने 2022 में सरकार के साथ संघर्ष विराम समाप्त कर दिया था। इस्लामाबाद स्थित थिंक-टैंक पाक इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज की रिपोर्ट में आतंकवादी हमलों में वृद्धि की पुष्टि की गई है, जो 2014 के स्तर के बराबर है। हालांकि, आतंकवादी अब 2014 की तरह क्षेत्रों पर नियंत्रण नहीं रखते, लेकिन कुछ क्षेत्रों में असुरक्षा एक बड़ी चिंता बनी हुई है।

### यूएस आर्मी के शीर्ष अधिकारी ने कंबोडिया में रिश्तों को सुधारने के लिए किया दौरा

**वाशिंगटन।** सोमवार को, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारी जनरल रोनाल्ड पी। क्लार्क कंबोडिया में थे। यह दौरा अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दोनों देशों और उनकी सेनाओं के बीच जटिल रिश्तों को सुधारने के प्रयास के तहत किया गया है। कंबोडिया में दो दिन के इस दौरे के दौरान, जनरल क्लार्क ने कंबोडिया के सैन्य प्रमुख जनरल माओ सोफान से मुलाकात की। इस मुलाकात में रक्षा सहयोग, व्यापार, पर्यटन, संस्कृति, आतंकवाद विरोधी उपाय, शांति स्थापना, माइन हटाने और वियतनाम युद्ध के दौरान लापता अमेरिकी सैनिकों की तलाश सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों ने 2016 में आखिरी बार हुए संयुक्त अंगकोर सेंटिनल सैन्य अभ्यास को फिर से शुरू करने पर भी विचार किया।

### तालिबान ने अफगानिस्तान में 70 के दशक के ब्रिटिश दंपति की गिरफ्तारी की पुष्टि की

**अफगानिस्तान।** तालिबान ने सोमवार को अफगानिस्तान में 70 के दशक में पहुंच चुके ब्रिटिश दंपति, पीटर और बार्बी रेनॉल्ड्स की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उनके बच्चों ने तालिबान से उनके माता-पिता की रिहाई की अपील की है। पीटर और बार्बी रेनॉल्ड्स पिछले 18 वर्षों से अफगानिस्तान में रह रहे थे, जब से तालिबान ने 2021 में पश्चिमी समर्थित सरकार को गिरा दिया था। यह दंपति अफगानिस्तान स्थित ₹रीबिल्डर₹ नामक संगठन चला रहे थे, जो व्यवसायों, सरकारी एजेंसियों, शैक्षिक संस्थानों और गैर-सरकारी संगठनों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। दंपति का एक परियोजना माताओं और बच्चों के लिए था, जबकि तालिबान ने महिलाओं की शिक्षा और गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं।

### नए एफबीआई निदेशक काश पटेल ने एटीएफ के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली।** नए एफबीआई निदेशक काश पटेल ने सोमवार को शराब, तंबाकू, आग्नेयास्त्र और विस्फोटक ब्यूरो (एटीएफ) के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में शपथ ली। अब वे न्याय विभाग की दो बड़ी एजेंसियों की कमान संभालेंगे। मामले से परिचित एक व्यक्ति ने बताया कि एफबीआई के निदेशक बनने के कुछ ही दिनों बाद पटेल ने एटीएफ मुख्यालय में शपथ ली, हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एटीएफ के प्रमुख के रूप में पटेल को नामित करने का इरादा रखते हैं या नहीं। एटीएफ 5,500 कर्मचारियों के साथ देश में आग्नेयास्त्रों, विस्फोटकों और आगजनी से जुड़े कानूनों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है।

### अमेरिका ने पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग में संलिप्तता के आरोप में 16 कंपनियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सोमवार को ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़ी 16 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं, जिनमें चार भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अमेरिका का कहना है कि इन कंपनियों का ईरान के तेल उद्योग से गहरे संबंध हैं, जो वैश्विक शिपिंग नेटवर्क के जरिए ईरान के तेल की बिक्री और परिवहन में संलिप्त हैं। अमेरिकी कोषागार विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन प्रतिबंधित भारतीय कंपनियों में ऑस्टिनशिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, बीएसएम मरीन एलएलपी, कॉसमॉस लाइन्स इंक और फ्लक्स मैरीटाइम एलएलपी शामिल हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि ये ईरान से कच्चे तेल के परिवहन और बिक्री के लिए शिपिंग सुविधाओं का संचालन कर रही थीं। साथ ही मामले में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 4 फरवरी को राष्ट्रीय सुरक्षा ज्ञापन जारी करने के बाद से यह ईरानी तेल बिक्री को लक्षित करने वाला प्रतिबंधों का दूसरा दौर है। इस ज्ञापन में ईरान पर ₹अधिकतम दबाव₹ बनाने के लिए ईरान की तेल बिक्री को रोकने के कदम उठाने का आदेश दिया गया था।

### रामास्वामी ओहायो के गवर्नर पद की दौड़ में शामिल होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी के ओहायो के गवर्नर पद की दावेदारी पेश करेंगे। सिनसिनाटी में जन्मे बायोटेक उद्यमी रामास्वामी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के पहले दिन ही सरकारी दक्षता विभाग की पहल छोड़ दी थी। रामास्वामी (39) सिनसिनाटी में अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। वह रिपब्लिकन पार्टी के ह्यप्राइमरीह्न के चुनाव में शामिल होंगे। वह राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में भी थे लेकिन फिर ट्रंप के समर्थन में रेस से बाहर हो गए।

### नेपाली पीएम से मिले भारतीय एनसीसी कैडेट

भारत, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से उनके आधिकारिक निवास में शिष्टाचार भेंट की। यह प्रतिनिधिमंडल युवा विनिमय कार्यक्रम 2025 के तहत काठमांडो पहुंचे हैं। एनसीसी टीम नेपाल सेना की 262वीं वर्षगांठ समारोह और महाशिवरात्रि उत्सव में भाग लेने के लिए यहां आई है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि युवा विनिमय कार्यक्रम मित्र राष्ट्रों की सशस्त्र सेनाओं के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करेगा।

# अमेरिका ने रूस को आक्रमणकारी मानने से किया इनकार, यूएन में तीन प्रस्तावों पर वोटिंग; भारत ने बनाई दूरी

**यूएन।** अब तक यूक्रेन का साथ निभा रहा अमेरिका अब रूस के पक्ष में खड़ा होता दिखाई दे रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की पर समझौते का दबाव डालने के बाद अमेरिका ने यूक्रेन पर यूएन में एक और दबाव डाला है। उसने कहा है कि यूक्रेन संयुक्त राष्ट्र में पेश यूरोपीय देशों के समर्थन वाले अपने उस प्रस्ताव को वापस ले, जिसमें रूसी सेना को तत्काल वापस बुलाने की मांग की गई है।




### संयुक्त राष्ट्र में लाए गए तीन प्रस्ताव

वहीं अमेरिका ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया है। दरअसल, तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में तीन प्रस्ताव लाए गए थे। इन प्रस्तावों के खिलाफ में अमेरिका ने वोटिंग की है। यह पहली बार है जब रूस-यूक्रेन मुद्दे पर अमेरिका अपने यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ कोई कदम उठाया है।

### अमेरिका ने यूक्रेनी प्रस्ताव के खिलाफ किया मतदान

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका ने यूरोप समर्थित यूक्रेनी प्रस्ताव के खिलाफ मतदान में रूस का साथ दिया है। इस प्रस्ताव में मास्को की आक्रामकता की निंदा की गई थी और रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग को उठाया गया था। 15-सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से पारित प्रस्ताव में 10 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया और फ्रांस समेत पांच देशों ने वोटिंग से परहेज किया।

### अमेरिका और यूरोप में मतभेद

इस तरह से रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप के बीच गहरे मतभेद सामने आए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में तीन प्रस्तावों पर मतदान हुआ। पहले प्रस्ताव में रूस की आक्रामकता की निंदा करते हुए यूक्रेन से तुरंत सेना हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव के पक्ष में 93 वोट, विरोध में 18 वोट और भारत समेत 65 देशों ने मतदान से परहेज किया।

### अमेरिका ने अपना एक अलग प्रस्ताव किया पेश

इसके बाद, अमेरिका ने अपना एक अलग प्रस्ताव पेश किया, जिसमें युद्ध समाप्त करने की अपील की गई थी, लेकिन रूस की आक्रामकता का जिक्र नहीं था। जब फ्रांस और यूरोपीय देशों ने इसमें संशोधन जोड़कर रूस को आक्रमणकारी घोषित कर दिया, तो अमेरिका ने मतदान से बचने का फैसला किया।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी अमेरिका ने अपने मूल प्रस्ताव पर मतदान कराया, लेकिन 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों ने समर्थन किया, जबकि 5 यूरोपीय देशों ने मतदान से परहेज किया। इससे यह साफ है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप के बीच गहरा मतभेद उभर रहा है। अमेरिका अब रूस को सीधे तौर पर दोष देने से बच रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई जटिलताएं पैदा हो सकती हैं।

# चीन में बेकाबू हुआ एआई रोबोट, लोगों को मारने के लिए दौड़ा; सामने आया खतरनाक वीडियो

**बीजिंग।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लोगों की जिंदगी को बदल रहा है। एआई जितना कामयाब और फायदेमंद साबित हो रहा है उतना ही इसके भयावह परिणामों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। एक तरफ जहां अकने काम को आसान किया है वहीं दूसरी तरफ यह नई मुसीबतें भी पैदा कर रहा है। अब चीन से बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अकद्वारा नियंत्रित रोबोट ने अचानक लोगों पर हमला कर दिया, रोबोट के ऐसा करने पर वहां मौजूद लोग घबरा गए। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### वायरल हुआ वीडियो

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ह्यूमनॉइड रोबोट भीड़ की ओर बढ़ता है और कुछ लोगों पर हमला करने की कोशिश करता है। इस घटना से वहां अफरा-तफरी मच जाती है। हालांकि, समय रहते सुरक्षा कर्मी रोबोट को काबू में कर लेते हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना सॉफ्टवेयर गड़बड़ी के कारण हुई। सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण रोबोट ने इस तरह व्यवहार किया था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

### सुरक्षा उपायों पर देना होगा ध्यान

चीन में हुई इस घटना ने यह घटना अकतकनीक की सुरक्षा और उसके संभावित खतरों को लेकर नई बहस को जन्म दे दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की जरूरत है। बीते साल जुलाई में साउथ कोरिया हुई उस घटना को कैसे भुलाया जा सकता है जहां एक रोबोट ने काम के दौरान सीढ़ियों से कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

### एआई के नकारात्मक प्रभाव

बता दें कि, हाल ही में क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स डेबोरा ब्राउन और पीटर एलर्टन ने अक के नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताकर दुनिया भर के लोगों को चिंता बढ़ा दी है। इस स्टडी में कहा गया है कि अक हमारी बौद्धिक क्षमता को कम कर रहा है यानी हमें 'मंदबुद्धि' बना रहा है।

# एलन मस्क की धमकी- कार्यालयों में वापस लौटें संघीय कर्मचारी, वरना छुट्टी कर दी जाएगी



**वाशिंगटन।** अमेरिका में बड़ी संख्या में संघीय कर्मचारी कोरोना महामारी के बाद से ही घर से काम कर रहे थे। अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद सभी संघीय कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में वापस लौट रहे हैं। सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी दिग्गज अरबपति एलन मस्क ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि जो कर्मचारी इस सप्ताह अपने-अपने कार्यालय नहीं लौट पाते हैं तो उन्हें प्रशासनिक अवकाश पर भेज दिया जाएगा।

### कुछ कर्मचारियों को दी गई है छूट

पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के नए प्रशासक ली जेल्डिन ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्णकालिक रूप से घर से काम करने की सुविधा को समाप्त कर दिया है। जेल्डिन ने कहा कि पिछले साल सोमवार और शुक्रवार को मुख्यालय में कर्मचारियों की औसत उपस्थिति 9 प्रतिशत से भी कम रही। हालांकि अभी सभी कर्मचारियों के बैठने के लिए कई कार्यालयों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। ऐसे में सभी कर्मचारियों को कार्यालय लौटने में अभी थोड़ा वक्त लग सकता है। सरकार ने भी 50 मील दूर रहने वाले कर्मचारियों को अभी कार्यालयों में रिपोर्ट करने से छूट दी है और उन्हें कुछ वक्त दिया है।

### ट्रंप ने मस्क का समर्थन किया

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क की उस मांग का समर्थन किया कि जिसमें मस्क ने संघीय कर्मचारियों को सोमवार तक अपनी हालिया उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने या फिर नौकरी से निकाले जाने की धमकी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी अब मस्क के उस आदेश का समर्थन किया है और कहा है कि अगर कर्मचारी अपनी उपलब्धियों पर जवाब नहीं देते हैं तो इसका मतलब है कि या तो वे हैं ही नहीं या फिर उन्होंने काम नहीं किया तो फिर आपको नौकरी से निकाल दिया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि सरकारी दक्षता विभाग ने सैंकड़ों अरबों डॉलर की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि जो कर्मचारी मौजूद भी नहीं हैं, उन्हें भी संघीय वेतन मिल रहा है। हालांकि ट्रंप ने अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं किया।

### अमेरिका में संघीय कर्मचारियों का कार्यबल बहुत बड़ा

अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग ने भी अपने दूरस्थ कर्मचारियों को दफ्तरों में लौटने का निर्देश दिया है, भले ही उनकी नियुक्ति दूरस्थ भूमिका के लिए की गई थी। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, अमेरिका में पिछले साल नवंबर तक संघीय सरकार ने 30 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया था। यह देश के पूरे नागरिक कार्यबल का लगभग 1।9% था।

# अफ्रीका से निकली एक और तबाही! नए वायरस से फैला आतंक, चपेट में आते ही दम तोड़ रहे लोग



**अफ्रीका।** इबोला और जीका जैसे जानलेवा वायरस के बाद अफ्रीका में इन दिनों एक और वायरस का आतंक फैलता दिख रहा है। सेंट्रल अफ्रीका के कॉन्गो में इस वायरस ने कुछ ही दिनों में 50 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। सोमवार को स्थानीय डॉक्टरों और विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ ने इस नई तबाही के बारे में चौंकाने वाले तथ्य पेश किए हैं। डॉक्टरों ने बताया है कि अधिकतर मामलों में लोग लक्षण दिखने के बाद सिर्फ 48 घंटे में दम तोड़ दे रहे हैं और यह स्थिति चिंताजनक है।

कॉन्गो में सबसे पहले 21 जनवरी को इस वायरस का पता चला था जिसके बाद अब तक 419 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। 9 फरवरी को बोमेटे शहर में रहस्यमयी मौतों की संख्या बढ़ने के बाद सैंपल को टेस्टिंग के लिए भेजा गया है। डब्लूएचओ के अफ्रीका कार्यालय के मुताबिक बोलोको शहर में पहला मामला तब सामने आया जब तीन बच्चों ने एक चमगादड़ को खाया था। इसके तुरंत बाद उन्हें तेज बुखार हुआ और 48 घंटे के भीतर उनकी मौत हो गई।

# बांग्लादेश में एयरफोर्स बेस पर बदमाशों का हमला
## कट्टरपंथियों की गोद में बैठे मोहम्मद यूनुस को बड़ा झटका

**ढाका:** बांग्लादेश में एयरफोर्स स्टेशन पर हमला हुआ है। कॉक्स बाजार में समिति पारा के पास वायुसेना अड्डे पर अचानक कुछ बदमाशों ने हमला बोल दिया। बांग्लादेश की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस यानी आईएसपीआर ने एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी है। इस नोटिफिकेशन पर आईएसपीआर की सहायक निदेशक आयशा सिद्दीका ने हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि वायु सेना जवाब में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में एक हमलावर की मौत हो गई है।



बांग्लादेश इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक सोमवार यानी 24 फरवरी को कॉक्स बाजार में बने बांग्लादेश एयर फोर्स के अड्डे पर कुछ बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाश समिति पारा क्षेत्र के थे। रिपोर्ट के मुताबिक कॉक्स बाजार के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पुष्टि की कि दोपहर में स्थानीय लोगों और बीएएफ कर्मियों के बीच झड़प हुई। सलाहुद्दीन ने आगे कहा कि इस झड़प के कारणों की जांच दोनों पक्षों से बातचीत के जरिए की जाएगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

कॉक्स बाजार जिला अस्पताल के प्रभारी सैफुल इस्लाम ने बताया कि घटना दोपहर 12 बजे हुई। पुलिस के मुताबिक, झड़प के दौरान शिहाब कबीर को गोली लगी और बाद में उसकी मौत हो गई। शिहाब वार्ड नंबर 1 के समिति पारा के निवासी नासिर उद्दीन का बेटा है और एक स्थानीय व्यापारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घटनास्थल पर पुलिस किसी को जाने नहीं दे रही है। पुलिस ने यह नहीं बताया कि आखिर झड़प कैसे शुरू हुई और हमला क्यों किया गया। क्षेत्र में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं।

बांग्लादेश का यह एयरफोर्स बेस रणनीतिक लिहाज से उसके लिए बेहद खास है। एयरफोर्स बेस बांग्लादेश और म्यांमार सीमा के करीब है। इसके अलावा यहां से बांग्लादेश बंगाल की खाड़ी में नजर रख सकता है। यहां एक ही हवाई पट्टी है और आसपास आबादी बसी हुई है।

# चीनी मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने उत्तर कोरियाई मजदूरों का किया इस्तेमाल, यूएन प्रतिबंधों का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में काम कर रही कुछ चीनी ट्यूना मछली पकड़ने वाली नौकाओं ने 2019 से 2024 के बीच उत्तर कोरियाई मजदूरों को काम पर रखा, जो संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों का उल्लंघन है। लंदन में मौजूद एनवायरनमेंटल जस्टिस फाउंडेशन (ईजेएफ) की जांच में ये खुलासा हुआ है कि इन मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्हें सालों तक समुद्र में फंसे रहने पर मजबूर किया गया और वे अवैध मछली पकड़ने और डॉल्फिन को मारने जैसी गतिविधियों में शामिल थे।

रिपोर्ट के अनुसार, ईजेएफ ने 19 इंडोनेशियाई और फिलीपींस के मजदूरों से बात की, जिन्होंने उत्तर कोरियाई मजदूरों के साथ काम किया था। इन गवाहों और अन्य सूचनाओं से पता चला कि उत्तर कोरियाई नागरिक चीनी मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर काम कर रहे थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के अनुसार, चीन में लगभग 1 लाख उत्तर कोरियाई मजदूर काम करते हैं।



रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर में काम कर रही 12 से अधिक चीनी नौकाओं के कप्तानों ने उत्तर कोरियाई मजदूरों की उपस्थिति को छिपाने की कोशिश की। बंदरगाहों पर जाने से पहले उन्हें छुपा दिया जाता था या दूसरी चीनी नौकाओं में भेज दिया जाता था। रिपोर्ट में कहा गया कि कई उत्तर कोरियाई मजदूर वर्षों तक समुद्र में ही रहे, कुछ तो लगभग 10 साल तक बिना अपने देश लौटे या जमीन पर कदम रखे। एक नाविक के अनुसार, उत्तर कोरियाई मजदूरों को बंदरगाह पर उतरने नहीं दिया जाता था और न ही वे मोबाइल फोन इस्तेमाल कर सकते थे।

### चीनी नौकाओं पर छिपाकर रखे गए उत्तर कोरियाई मजदूर

### अवैध गतिविधियों में भी शामिल थीं ये नौकाएं

रिपोर्ट में बताया गया कि 5 चीनी नौकाओं को शार्क फिनिंग (शार्क के पंख काटने), मजदूरी में धोखाधड़ी, कागजात जब्त करने, शारीरिक और मानसिक शोषण जैसी गतिविधियों में लिप्त पाया गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, उत्तर कोरिया में सरकार के नियंत्रण में जबरन श्रम कराया जाता है, जिससे राज्य को मुफ्त श्रम मिलता है और जनता पर सख्त निगरानी भी रखी जाती है। ईजेएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर कोरियाई मजदूरों को चीनी सीफूड प्रोसेसिंग प्लांट्स में भी काम करवाया गया, जहां से तैयार उत्पाद यूरोपियन यूनियन (ईयू) और अमेरिका को बेचे गए।

### संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन

2017 में यूएन सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को उत्तर कोरियाई मजदूरों को काम पर रखने से रोक दिया गया था और 2019 के अंत तक अपने-अपने देशों से उन्हें वापस भेजने का आदेश दिया गया था। ये प्रतिबंध उत्तर कोरिया की तरफ से परमाणु और लंबी दूरी की मिसाइल परीक्षण करने के बाद लगाए गए थे। हालांकि, चीन की नौकाएं इन प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रही हैं, जिससे मानवाधिकारों का हनन और अवैध मछली पकड़ने जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

# मेयर सुनीता दयाल के आवास पर हुआ सुंदरकांड का पाठ, पहुंचे शहर के गणमान्य



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल के निज निवास पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग, पुलिस, अधिकारी, प्रशासन अधिकारी, निगम अधिकारी मौजूद रहे। दयाल परिवार की ओर से मेयर सुनीता दयाल, मधुसूदन दयाल, शोभिता दयाल, शिशिर गुप्ता, राघवी दयाल ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

## सांसद अतुल गर्ग ने क्षेत्रवासियों को कराया संसद दर्शन








**गाजियबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग जहां हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट को सुनिश्चित व नियमित करवाने के प्रयास कर रहे हैं, वहीं क्षेत्रवासियों को लगातार संसद के दर्शन के लिए भेज रहे हैं। मंगलवार को इसी क्रम में 18 लोगों का एक ग्रुप संसद दर्शन के लिए गया। अतुल गर्ग ने सभी के लिए स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था करवाई। संसद जाने वालों में योगेंद्र सिंह अरोड़ा, कमलजीत सिंह, बलविंद्र कौर, पवित्र कौर, ओंकार सिंह, रणजीत सिंह वालिया, हरप्रीत सिंह, जसविंद्र कौर, जुझार सिंह, जगजीत सिंह, प्रज्ञा अरोड़ा, जसवीर कौर, इश अरोड़ा, भावना अरोड़ा, गुरदीप सिंह, हरसिमरन सिंह, राजिंद्र कौर व रेशम कौर रही।

## केन्द्रीय बजट गरीब युवा, किसान व महिलाओं को समर्पित : सत्येन्द्र शिशौदिया




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भाजपा चारों मंडल ईकाइओं के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को दिल्ली- मेरठ रोड़.स्थित एक नीजी बैंकटहाल में केंद्रीय बजट को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि इस बार भी पेश हुआ केंद्रीय बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को समर्पित है। सत्येन्द्र सिसोदिया ने संसद में वर्ष 2025-26 के लिए पेश हुए केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस बार भी पेश हुआ केंद्रीय बजट समग्र विकास का एतिहासिक बजट है। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तुत धन धान्य योजना से किसानों को बड़ा लाभ होगा। प्रत्येक जिले में कैंसर अस्पताल खोले जाने का प्रावधान बजट में किए जाने से लाखों लोगों की जान को बचाया जा सकता है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सिसोदिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में हर क्षेत्र के लिए कुछ न कुछ दिया गया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में सस्ते लोन की व्यवस्था करके सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खोले हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने की व मंच संचालन भाजपा नेता अमित तिसावड़ ने किया। इसके उपरान्त सत्येंद्र सिसोदिया ने एक प्रेसवार्ता में भी उक्त वक्तव्य कहें। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्णवीर सिंह, सत्यवीर सिंह राघव, स्वदेश जैन, सतेन्द्र त्यागी, पवन सिंघल, प्रदीप बोस, देवेन्द्र चैधरी, आकाश शर्मा, नवीन जायसवाल, सभासद, ललीत त्यागी आदि मौजूद रहें।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में औद्योगिक यात्रा आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी स्कूल ने अपने छात्रों के लिए एचसीएल कॉपोर्रेशन, सेक्टर 3, नोएडा की औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। यह औद्योगिक यात्रा सहायक प्रोफेसर रोहित राणा एवं राजीव ढांढा की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की निदेशक प्रो. (डॉ.) मोनिका सेंगर ने बताया कि औद्योगिक दौरे का उद्देश्य छात्रों को उद्योग के कामकाजी माहौल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इससे छात्रों को सिद्धांत और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच अंतर को पाटने में मदद मिलती है। एसडीजीआई के चांसलर महेंद्र अग्रवाल के अनुसार इस तरह की औद्योगिक यात्रा सभी छात्रों के लिए सीखने का एक मूल्यवान अनुभव है, जो उन्हें नवीनतम तकनीकी की प्रगति में अंतद्दष्टि प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों के अनुसंधान और संचार कौशल को बढ़ाने में मदद करती हैं और उन्हें आईटी उद्योग में नवीनतम रुझानों से भी अवगत कराती हैं। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने छात्रों को इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन एक संक्षिप्त फीडबैक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को अपने क्षेत्रों में खोज और नवाचार जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## एबीईएस कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष सत्र का आयोजन

### साइबर अपराध से बचाव में जानकारी ही ताकत है : श्वेता कुमारी यादव, एसीपीए पुलिस कमिश्नरेट









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एबीईएस कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, संकाय और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी और प्रोक्टोरियल बोर्ड द्वारा आयोजित सत्र में डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में श्वेता कुमारी यादव, एसीपी, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और संतोष तिवारी, एसएचओ, साइबर क्राइम, गाजियाबाद ने बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार साझा किए। श्वेता कुमारी यादव ने ऑनलाइन दुनिया की बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, फर्जी पहचान, सोशल मीडिया हैकिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। खुद को सुरक्षित रखने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। इसी क्रम में संतोष तिवारी ने कहा, साइबर क्राइम सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह अब हर घर तक पहुंच चुका है। फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड और पहचान की चोरी जैसी घटनाओं से बचने के लिए हमें न केवल तकनीकी समझ विकसित करनी होगी, बल्कि संदिग्ध लिंक, अज्ञात कॉल्स और अनवेरिफाइड वेबसाइट्स से बचना भी जरूरी है।

इस अवसर पर एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) डीके शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख, चीफ प्रॉक्टर प्रो. (डॉ.) आरआर पांडा, आईसीसी की प्रेसीडिंग ऑफिसर डॉ. भानुमति पांडा, मीडिया कोऑर्डिनेटर प्रो. (डॉ.) तरुण अरोडा सहित कई अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## महाशिव रात्रि के मद्देनजर नगर आयुक्त ने रात्रि में किया मंदिरों का निरीक्षण

### दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचे नगर आयुक्त, महंत नारायण गिरी के साथ व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर मंदिरों का निरीक्षण रात्रि में किया गया। प्राचीन मंदिर पर भी व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर का भी निरीक्षण नगर निगम के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया। नगर आयुक्त द्वारा दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के गाजियाबाद नगर निगम के सभी अधिकारियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं को बेहतर किया गया है। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव उपस्थित रहे जिनको अधिकारियों की 24 घंटे की ड्यूटी दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर लगाने के



### दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर निगम ने गंगाजल के 6 टैंकरों के साथ 2000 लाइटों की अतिरिक्त व्यवस्था की

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी शिवालयों पर सफाई व्यवस्था को सुद्दढ़ किया गया है। प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। उसी क्रम में व्यवस्थाओं को भी बेहतर किया गया है। डस्टबिन शौचालय तथा सौंदर्यकरण के लिए 2000 अतिरिक्त लाइटों की व्यवस्था अस्थाई रूप से करी गई है। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार दूधेश्वर नाथ मंदिर पर 6 टैंकर गंगाजल के भी लगाए गए हैं बैरिकेडिंग की सुविधा भी की गई है।

### डा. मीनाक्षी भराला का कल गाजियाबाद भ्रमण व महिला जनसुनवाई कार्यक्रम प्रस्तावित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की माननीय सदस्या डा० मीनाक्षी भराला के गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मा० सदस्या दिनांक 27 फरवरी 2025 को प्रातः 11.00 बजे गाजियाबाद पहुँचेंगी लोक निर्माण विभाग, गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई करेंगी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलायें अपनी शिकायत / समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती है। सदस्या द्वारा उनकी शिकायतों मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नोएडा विधायक पंकज सिंह ने पावन त्रिवेणी संगम में आस्था के महाकुंभ स्नान की डुबकी लगाई। पंकज सिंह ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। मन को अभिभूत ओर हृदय को भाव विभोर करने वालों यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।